# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 285 । भोपाल, शनिवार 14 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



एक्टिवा और मोटरसाईकिल में टक्कर में 1 की मौत — पृष्ठ 2

- न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत जनगणना
- हिरासत में जीता, नरगिस ने नोबेल — पृष्ठ 4

- विधानसभा चुनाव: 16 को स्ट्रांग रूम पहुंच जाएगी ईवीएम मशीनें — पृष्ठ 6

मप्र के उम्मीदवारों के नामों पर हुआ मंथन — पृष्ठ 8


इजरायल जमीनी हमलों की तैयारी में

# फिलिस्तीनियों को गाजा शहर खाली करने की चेतावनी



**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा पट्टी शहर के निवासियों को तटीय परिक्षेत्र को खाली कर दक्षिणी क्षेत्र जाने का आदेश दिया। आईडीएफ की ओर से शुक्रवार सुबह जारी एक बयान में कहा गया, 'सुरक्षा और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी नागरिकों को दक्षिण क्षेत्र जाने का आह्वान किया है।'

आईडीएफ ने गाजा के आम लोगों से कहा है कि वो अपनी सुरक्षा के लिए गाजा के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं। इजरायल ने उत्तरी गाजा के 11 लाख लोगों को इलाका खाली करने का निर्देश दिया है जिसे लेकर वहां अफरा-तफरी का माहौल है। इसके बाद आईडीएफ ने गाजा के लोगों के नाम एक बयान जारी कर कहा, 'आप शहर में दोबारा तभी वापस आएंगे जब अगला बयान जारी कर आपको शहर में आने की अनुमति दी जाएगी। हमास के आतंकवादी गाजा शहर के घरों में बनी सुरंगों और गाजा के निर्दोष लोगों के घरों के अंदर छिपे हुए हैं। लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए गाजा शहर के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं और अपने परिवार को हमास के उन आतंकियों से दूर रखें जो आपको ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।' हमास की ओर से हमलों के बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी के ठिकानों पर सैकड़ों हवाई हमले किए हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए है। अभी तक 1,500 से ज्यादा फिलिस्तीनी और 1,300 से ज्यादा इजरायली मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना ने शुक्रवार सुबह लेबनान के दक्षिणी गांव नकौरा और आसपास के इलाकों पर दो मिसाइलें दागीं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एनएनए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### उत्तर कोरिया ने हमास को हथियार सप्लाई की खबरों का किया खंडन

**सोल, एजेंसी।** प्योंगयांग ने शुक्रवार को उन अटकलों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया कि हमास आतंकवादी समूह ने इजरायल पर हमले के लिए उत्तर कोरियाई हथियारों का इस्तेमाल किया था। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मामलों पर उत्तर कोरियाई कॉमेंटेटर री क्वांग-सॉन्ग ने कहा कि अमेरिका हाल के मध्य पूर्व संकट को जानबूझकर प्योंगयांग से जोड़ने के लिए अपने घिसे-पिटे अभियान का सहारा ले रहा है। उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा लिखे गए एक लेख में री ने कहा, 'अमेरिकी प्रशासन की प्रेस संस्थाएं और अर्ध-विशेषज्ञ एक आधारहीन और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी ने पी-20 समिट को बताया संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ, कहा-

# आतंकवाद को लेकर बरतनी होगी सख्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पी-20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी-20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी हृ इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत चंद्रमा पर उतरा। भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी की। आज हम पी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन शक्ति का जश्न मनाने का भी एक माध्यम है। भारत आज हर सेक्टर में विमेन पार्टिसिपेशन को बढ़ावा दे रहा है। हमारी संसद द्वारा लिया गया हाल का फैसला, हमारी संसदीय परंपरा को और समृद्ध करेगा। मोदी ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर बोला हमला, बोले-

# झूठी गारंटियां दिलवा रहे कमलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस झूठ बोलो और वोट लो, कांग्रेस की नीति है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कमलनाथ पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि जिस गांधी परिवार ने पूरे देश को ठगा और उस गांधी परिवार को कमलनाथ ठग रहे हैं। श्री चौहान ने आज यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 2018 में कमलनाथ ने राहुल गांधी से झूठे वचन दिलवाए और 2023 में प्रियंका गांधी से झूठी गारंटियां दिलवा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मंडला में प्रियंका गांधी ने बिना पढ़े ही पढ़ो-पढ़ाओ की घोषणा कर दी, कांग्रेस पूरी तरह से कंफ्यूज है। कल जिस तरह से प्रियंका से घोषणाएं करवाई गईं। मैंने वह वीडियो देखा, कई घोषणाएं करके बैठ गईं फिर कांग्रेस नेता उठे और बोले, एक और करो। अच्छा उन्हें पता ही नहीं क्या घोषणा करना है, उन्हें कांग्रेस के नेताओं द्वारा घोषणाएं पढ़ाई ही नहीं गई।

### पूरी कांग्रेस कंफ्यूज- झूठी योजना हो गई फ्यूज

श्री चौहान ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि मंडला में सभा के दौरान पहले प्रियंका मैडम बोलती हैं कि अभी-अभी एक और घोषणा मुझे बताई है, कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक बच्चों की स्कूली शिक्षा निशुल्क होगी। कमलनाथ फिर टोक रहे हैं प्रियंका जी को, करेक्शन करा रहे हैं, प्रियंका जी बोलती है आप ही बोलिए वो कहते हैं नहीं आप बोलिए, फिर वह दोबारा पढ़ती हैं, 1 से लेकर आठवीं तक 500 देंगे, नौवीं से लेकर दसवीं तक 1000 देंगे, 10 से 12 तक 1500 हर साल देंगे। फिर सुरजेवाला कहते हैं, हर साल नहीं, हर महीना। फिर मैडम कहती है, लिखा तो इसमें हर साल है। अब आप कल्पना कर सकते हैं कि पहले कुछ लिखते हैं, फिर पढ़ने का कहते हैं, कितने गंभीर है वह की हर साल में काम नहीं चलेगा तो हर महीने आ जाओ। ना लेना है ना देना है, बस झूठी घोषणाएं करनी हैं।

**यह भी बोले मुख्यमंत्री**

- प्रियंका ने बिना पढ़े ही कर दी घोषणाएं
- गांधी परिवार ने सबको ठगा, कमलनाथ गांधी परिवार को ठग रहे
- झूठ बोलो, वोट लो कांग्रेस की नीति

### कमलनाथ ने बच्चों का लैपटॉप और साइकिल बंद कर दी थी

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने अपने पुराने वचन पत्र में कहा था कि शालेय स्तर के कई बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक अन्य पठन की उच्च कोटि की सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध करवाएंगे। लेकिन जो भाजपा सरकार लैपटॉप देती थी, बंद कर दिए थे। साइकिल देना बंद कर दी। मेधावी विद्यार्थी योजना इन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दी। बच्चों की फीस तक छीन ली। नि:शुल्क घर की घोषणा पर सवाल करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब कह रहे हैं कि निशुल्क घर देंगे। जबकि प्रधानमंत्री ने जो गरीबों के लिए जो घर स्वीकृत किये थे, इन्होंने कहा था कि ले जाओ वापस। इन्होंने स्टेट का जो 40 प्रतिशत शेयर होता है वो भी नहीं दिया था।

### ये पब्लिक है सब जानती है

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिये गये पीएम आवास योजना के मकान छीनने वाले ये, बच्चों के लैपटॉप और साइकिल छीनने वाले, बच्चों की फ़ीस छीनने वाले ये अब फिर ठगने आ गए हैं। यह जनता को ठगने के पहले ये तय भी नहीं कर पाते है कि 'महीने' कहना है कि 'साल'। ये कांग्रेस का झूठ है, ये राहुल गांधी जी और प्रियंका जी से लगातार झूठ बुलवा रहे है, लेकिन ये पब्लिक है जो सब जानती है।

# सिंधिया बोले- मैंने विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार नहीं किया



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि मैंने विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार नहीं किया है।

एक बयान में उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया संगठन ऐसी खबरें चला रहे हैं कि मैंने विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की अटकलों के बीच, पहली बार इस मुद्दे पर मीडिया से बात की है। उन्होंने यह साफ नहीं किया कि वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं, हालांकि उनके इस बात से इनकार करने से इस बात की संभावना बढ़ गई है कि सिंधिया चुनाव लड़ सकते हैं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने जब से 3 केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई दिग्गजों को उनके गृह जिलों से मैदान में उतारा है, उसके बाद से राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि सिंधिया भी विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सिंधिया ने मार्च 2020 में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए, जिससे तत्कालीन कमल नाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिर गई थी।

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट से फटकार, कहा-

# आदेशों की नहीं कर सकते अनदेखी

### विधायकों की अयोग्यता की याचिका पर फैसले में देरी पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालर्त इस मामले में लगातार हो रही देरी पर एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने ने कहा कि हमने नोटिस दिया, आदेश जारी किया, फिर भी कह रहे हैं कि विधानसभा अध्यक्ष ने कोई निर्णय नहीं लिया है। अगले चुनाव से पहले निर्णय लें अगर अगले चुनाव से पहले फैसला नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्रवाई बेमानी होगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिका पर संयुक्त सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस धनंजय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच के सामने सुनवाई हुई। इस समय मुख्य न्यायाधीश ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाधिवक्ता तुषार मेहता की बात सुनी। कोर्ट ने कहा कि 14 जुलाई को हमने नोटिस निकाला। यह आदेश सितम्बर में जारी किया गया था, लेकिन स्पीकर ने कुछ नहीं किया। विधानसभा अध्यक्ष ने जून के बाद से कोई कार्रवाई नहीं की है इसलिए अब उन्हें अगले चुनाव से पहले फैसला लेना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर चुनाव से पहले निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यवाही निरर्थक होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

सीजेआई ने कहा कि आप हमारे आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एसजी से कहा कि आप और महाराष्ट्र के एडवोकेट जनरल विस अध्यक्ष के साथ बैठें और सुनवाई का शिड्यूल तय करें और कोर्ट को इस बारे में बताएं. अगली सुनवाई सोमवार की बजाय मंगलवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि भले ही विधानसभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक पद है, लेकिन हम आदेश दे सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर चुनाव से पहले फैसला नहीं लिया गया तो कार्यवाही निरर्थक होगी। सुप्रीम कोर्ट उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी के शरद पवार गुट की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को कुछ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर जल्द निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की गई है।



**अगले चुनाव से पहले निर्णय लें अगर फैसला नहीं लिया गया तो विस अध्यक्ष के समक्ष कार्रवाई बेमानी होगी : सुप्रीम कोर्ट**

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कोई विधानसभा अध्यक्ष को बताए कि आदेश का पालन करना होगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर के कामकाज के तरीके पर नाराजगी जताई। वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि आपको याद होगा कि मामला 20 जून का था। 19 जुलाई का नहीं। उस तिथि का निर्धारण आपने पहले ही कर दिया था. अब वह कहते हैं कि हमें सबूत चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए विस अध्यक्ष की ओर से पेश हुए एसजी तुषार मेहता से कहा कि आप सर्वोच्च अदालत के आदेश के मामले में इस तरह से कर रहे हैं. कैसे किसी मामले को इतना लटका सकते हैं। मेहता ने कहा कि यह नहीं किया जा सकता कि वो जैसा कहें वैसा किया जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर पर छोड़ा था सदस्यता का फैसला

एकनाथ शिंदे गुट के 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला सुनाया था। इसमें कोर्ट ने बागी विधायकों की सदस्यता पर फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया था। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट के नेता सुनील प्रभु ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले पर फिर से विचार करने की अपील की थी। उन्होंने याचिका में तर्क दिया था विधानसभा अध्यक्ष मामले को जानबूझकर टाल रहे हैं।

### विधायकों की अयोग्यता पर विस अध्यक्ष करें फैसला



शरद पवार ने विधायकों की अयोग्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने कहा कि एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को समयबद्ध तरीके से कुछ विधायकों की अयोग्यता के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उन्हें डर है कि मामले में देरी की रणनीति का इस्तेमाल किया जा रहा है। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था एक बड़ी चिंता का विषय है। आवश्यकता इस बात की है कि राज्य सरकार इस स्थिति को गंभीरता से ले और इस संबंध में उचित कदम उठाए।




## सार समाचार

### केवी की तीन छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगी बॉलीवॉल



**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय गुना की तीन छात्राएं राष्ट्रीय बॉलीवॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हुई है। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित 52 भी राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए गुना से केंद्रीय विद्यालय की तीन छात्राएं आध्या रघुवंशी, श्रव्या रघुवंशी और वंशिका चौगुले दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं। उनकी इस उपलधि पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य विनोद राजोरिया सहित समस्त स्टाफ एवं खेल प्रशिक्षक राजेश सिंह रघुवंशी द्वारा छात्राओं को बधाई प्रेषित की एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग




**गुना, देशबन्धु।** पीजी कॉलेज कॉलेज परिसर समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में लगातार बढ़ रही छेडख़ानी की घटनाओं पर रोक लगाने, गंदी फिल्में गंदे गानों पर रोक लगाने व छात्राओं के लिए बंद पड़े गर्ल्स हॉस्टल का अविलंब शुरू करने आदि पर छात्र संगठन डीएसओ के नेतृत्व में कॉलेज की छात्राओं ने एक छात्र कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बात रखते हुए डीएसओ की जिलाध्यक्षा शोभना श्रीवास्तव ने कहा कि अभी आए दिन गुना शहर के पीजी कॉलेज में छात्राओं के साथ छेडख़ानी की घटनाएं की खबर सुनने में आई, जो कि जिले के हेड कॉलेज के होने के नाते व सशक्त प्रशासन होने के नाते इस तरह की घटनाओं पर चुप्पी साधे रखना सवालिया निशान है? इन घटनाओं पर कॉलेज प्रबंधन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है क्या वह किसी बड़ी घटना का होने का इंतजार कर रहे हैं ?

# एक्टिवा और मोटरसाईकिल में टक्कर में 1 की मौत



**गुना, देशबन्धु।** शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत अंबेडकर चौराहे पर अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम से लौट रहे एक्टिवा सवार दो युवकों को बाईक चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल एक युवक की भोपाल रैफर करते समय मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कपिल अग्रवाल एवं उसका साथी टीनू जैन एक्टिवा क्रमांक एमपी08 एमक्यू 2311 से अग्रवाल समाज का कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे। तभी रात्रि करीबन 11.30 बजे अंबेडकर चौराहे पर तेज रफ्तार आ रही मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 जेडए 4270 के चालक ने बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। जिसे दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। जिन्हें तत्काल मौके पर मौजूद लोग शहर की निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

जिसमें एक्टिवा चला रहे कपिल को अधिक चोट हो के कारण जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद भोपाल रेफर किया गया। लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

### सवारियां उतार रही बस में वाहन ने मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** जिले के कैंट थानांतर्गत ग्राम टोरिया के निकट एक यात्री बस में तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ ही बस में सवार कुछ सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। इस बारे में बस के कंडेक्टर दिनेश पुत्र मथुरालाल कुशवाह वह बालाजी बस क्र. एमपी41-9999 को अशोकनगर से लेकर गुना आ रहा था। तभी शाम को बस टोरिया गाँव पर साईड से खड़ी करने के बाद बस से सवारी उतार रहा था। इसी दौरान एक लोडिंग पिकअप क्र. एमपी67-0668 का चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर पीछे से खडी बस में टक्कर मार दी।

# फतेहगढ़ पुलिस ने पकड़े गांजा और अवैध शराब तस्कर





**76 लीटर अवैध शराब बरामद की**

**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा दोहरी कार्यवाही करते हुए गांजा तस्कर सहित अवैध शराब करोबारी को दबोचा है। गांजा तस्कर से डेढ किलो गांजा व तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाईकिल तो शराब कारोबारी से हाथभट्टी की बनी 76 लीटर अवैध शराब बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्थान के छबडा तरफ से एक व्यक्ति मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-9521 से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उसे बेचने के लिए हमीरपुर के रास्ते सेनवोर्ड तरफ जाने वाला है। उक्त सूचना पर पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल अंतर्राज्यीय बॉर्डर चैक पोस्ट हमीरपुर के पास पुलिया पर पहुंचकर नाकाबंदी की गई। जहां पर कुछ ही समय बाद राजस्थान तरफ से मुखबिर द्वारा बताए हुलिये का व्यक्ति व मोटर सायकिल के आते दिखाई देने पर पुलिस द्वारा उक्त मोटर सायकिल को रोका। जिसके चालक ने पूछताछ पर अपना नाम हेमराज पुत्र रामचरण लोधी निवासी ग्राम ग्वारखेडा, थाना बमोरी गुना का होना बताया। जिसके पास मिले थैले को चेक करने पर उसमें 1.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसकी कीमती 30 हजार रुपए बताई जाती है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

इसी प्रकार गत शाम के समय भी फतेहगढ़-छबड़ा रोड़ पर ग्राम हमीरपुर पुलिया के पास एक व्यक्ति के प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों व एक छोटी केन में अवैध शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़े होने की सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर दबिश दी गई। यहां पुलिस ने संदिग्ध को दो केनों के साथ पकड़ा।

जिसने पूछताछ पर अपना नाम हंसराज पुत्र रामनारायण गुर्जर निवासी ग्राम अल्लाहपुर, थाना बापचा जिला बारां राजस्थान का होना बताया। जिसके पास रखी केनों को चैक किया गया तो बडी-बडी दो केनों में हाथभट्टी की बनी कुल 70 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं छोटी केन में 6 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी होकर जहरीली प्रतीत होना पाई गई। पुलिस द्वारा आरोपी पर आबकारी एक्ट में कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

# कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदान का संदेश



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वीप योजनांतर्गत मतदाता जागरुकता विषय पर नुक्कड़ नाटक जिला स्तरीय आयोजन किया गया। जिसका संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनू जैन द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। सरस्वती वंदना शासकीय विद्यालय की शिक्षिका कुसुम नामदेव, नीतू चौरसिया, ज्योति सोनी द्वारा की गई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा संदेश दिया कि वोट देना हमारा अधिकार ही नहीं वरन प्रथम कर्तव्य भी है। अत: देश के विकास के लिए सभी को वोट देना चाहिए। एक वोट से हार-जीत का फैसला बदल जाता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शा.कन्या मा.वि.अनुराधा गली, द्वितीय स्थान शा.स्नातकोत्तर महा.गुना एन.एस.एस.छात्रा इकाई, तृतीय स्थान शा.एम.एल.बी.उ.मा.वि. गुना को प्राप्त हुआ।

प्राचार्य बीके तिवारी द्वारा सभी विजेताओं एवं अन्य विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं वे जागरुक मतदाता बनें एवं मतदान करने अवश्य जाएं। जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है वे अपने अभिभावकों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका अनिल कुमार शुक्ला, सरला श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार चौधरी द्वारा निभाई गई। टीम के सदस्य मंजरी तिवारी एवं भावना पाल ने प्रतियोगिता में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार कुन्तला प्रजापति ने व्यक्त किया।

### कांग्रेस सेवा दल में हुई नियुक्तियां



**गुना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस सेवा दल जिला गुना के अध्यक्ष नरेंद्र सोनवार ने सेवा दल में पदाधिकारियों की नियुक्तियां की हैं। इसके तहत रामसिंह रजक को जिला महामंत्री, गजेन्द्र अहिरवार को जिला संगठन सचिव, मुकेश सेन को ब्लाक कार्यकारिणी में ब्लाक अध्यक्ष गुना, गोविंद जाटव को आईटी सेल ब्लाक गुना का अध्यक्ष बनाया है। सभी पदाधिकारियों को गुजरात के विधायक तथा गुना लोकसभा ऑब्जर्वर दिनेश सिंह ठाकुर एवं जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

# जागरुकता कार्यक्रम में बताए वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय




**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी पर एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया सीहोर की भी भागीदारी रही महाविद्यालय में यह कार्यक्रम वाणिज्य विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

प्रारंभ में बैंक अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गणेश लाल जैन का स्वागत किया। महाविद्यालय द्वारा भी लोकपाल कार्यालय के अधिकारियों का स्वागत किया गया। बैंक अधिकारियों नें छात्राओं को यह जानकारी प्रदान दी की कि वर्तमान समय किस प्रकार से वित्तीय धोखाधड़ी होती है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों को कुछ सुरक्षा उपाय अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारी बैंक अधिकारी, वित्तीय संस्थान, आर.बी.आई. कोई भी वास्तविक संस्था कभी भी गोपनीय जानकारी जैसे उपयोग कर्ता का नाम, पासवर्ड, कार्ड विवरण, पिन, सीवीवी, ओटीपी आदि नहीं मांगते हैं और इसे किसी के साथ कभी भी साझा न करें। उन्होंने यह भी बताया कि रिजर्व बैंक लोकपाल कार्यालय में शिकायत कैसे करें इन शिकायतों का निवारण कैसे होता है। किसी भी भुगतान एप का उपयोग करके क्यूआरकोड को स्कैन करते समय सतर्क रहें, क्योंकि क्यूआरकोड में खाता विवरण होता है, जिसमें पैसा ट्रांसफर किया जा सकता है। धन प्राप्त करने के लिए कहीं भी पिन, पासवर्ड दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होती है। पैसे प्राप्त करने के लिए या स्थानांतरण करने के लिए दूसरों को अपने खाते/ए.टी.एम. कार्ड का उपयोग करने की अनुमति न दें। आपके बैंक खाते के विवरण मांगने वाले ई-मेल का जवाब न दें।

कार्यक्रम के अंत में क्विज का आयोजन किया और पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा, अंकुश मौर्य चीफ मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया, अरुण शर्मा एल. डी. एम., प्राग शादांगुले मैनेजर आर.बी.आई. लोकपाल कार्यालय श्रीमती संगीता खड़े सहायक प्रबंधक आर.बी.आई. लोकपाल कार्यालय, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं लगभग 150 छात्राएं उपस्थित थीं।

# आत्मरक्षा के गुरु सीख रही महिलाएं



**सीहोर, देशबन्धु।** आर्य समाज ,आर्य वीर दल सीहोर एवं राजपूत क्षत्रिय समाज सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में सीहोर की युवतियों को आत्म रक्षार्थ लाठी, तलवार, कुंग फू, कराटे व डिफेंस का प्रशिक्षण ग्राम पचामा स्थित ऑथेंटिक पब्लिक स्कूल प्रांगण में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 दिवसीय रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवतियां सम्मिलित हो रही हैं एवं आत्मरक्षा के गुरु सीख रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम आर्य समाज के प्रांतीय शिक्षक संदीप आर्य के द्वारा दिया जा रहा है।

शुभारंभ अवसर पर आर्य समाज के मंत्री रितेश राठौर ने युवतियों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान परिस्थितियाँ अत्यंत कठिन हो गई हैं युवतियों के लिए अति आवश्यक है कि वह स्वयं की रक्षा के लिए कुछ महत्वपूर्ण आत्मरक्षा की विद्या अवश्य सीखें जिससे कि वह स्वयं अथवा अन्य कि असामाजिक तत्वों से रक्षा कर सकें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा.महेंद्र सिंह राठौड़ सम्भागिय अध्यक्ष, गणेश सिंह चौहान अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर, जितेन्द्र सिंह राठौड़ महासचिव,श्रीमती रश्मि सत्येंद्र तोमर अध्यक्ष अ.भा.क्ष.महासभा महिला प्रकोष्ठ, श्रीमति प्रमिला राठौड़ महामंत्री अ.भा.क्ष.महा.महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती निरंजना गौर सरपंच ग्राम पचामा,श्रीमती हेमलता तोमर उपाध्यक्ष अ.भा.महासभा महीला प्रकोष्ठ तथा अंतर्राष्ट्रीय समाज सुधारक धार्मिक संस्था आर्य समाज के मंत्री आर्य रितेश राठौर प्रधान नरेश चंद्र आर्य एवं कोषाध्यक्ष तरुण जगवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जुआ खेलते हुए आरोन पुलिस ने दबोचे जुआरी

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत पानी की टंकी वंशकार मोहल्ले में आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पानी की टंकी के पास खेड़ा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पांच लोगों जुआ खेलते हुए दबोचा। इनमें समीर पुत्र शहजाद खान निवासी किला मोहल्ला, भूरेश पुत्र मुकेश बाल्मीक निवासी बायपास, विक्की उर्फ बिल्लो पुत्र किशोरीलाल बाल्मीक निवासी बरबटपुरा, सेवक पुत्र कल्लू खटीक निवासी छोटापुरा के सामने तथा राजा पुत्र देवेन्द्र बाल्मीक निवासी बस स्टेण्ड के पीछे आरोन को दबोचा। जिनके पास से ताश की गड्डी एवं कुल राशि 2890 रुपये नगदी बराम किए। पुलिस ने आरोपीगणों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**सट्टे की पर्ची काटते हुए सटोरिया गिरफ्तार :** इधर राघौगढ़ पुलिस ने बस स्टेंड के पास सट्टे की पर्ची काटते हुए व्यक्ति को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भरसूला चौराहा के पास एक व्यक्ति 1 रुपये के बदले 90 रुपये का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर राकेश धाकड़ पुत्र रामभरोसा धाकड़ निवासी भरसूला थाना राघौगढ़ को पकड़ा। जिसके पास से पुलिस ने अंक लिखी सट्टा पर्ची 2, एक लीडपेन तथा नगदी 220 रुपये बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### 8 ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए प्रतिनिधि मंडल ने दिया ज्ञापन



सीहोर। सीहोर से गुजर ने वाली 8 ट्रेनो के स्टॉपेज के लिए शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच और राष्ट्रीय पसमंदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान के नेतृत्व में पांच सदस्य के प्रतिनिधि मंडल ने मुम्बई रेल मंडल जरनल मेनेजर के नाम का ज्ञापन स्टेशन मास्टर सुनील कुमार गुप्ता को दिया। प्रतिनिधि मंडल में नौशाद खान, शरद मोदी,अनीस खान, मुख्तार पठान, गंगाराम शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल द्वारा सीहोर स्टेशन से होकर अपडाउन करने वाली ओवर नाईट जबलपुर इन्दौर, इन्दौर-भोपाल इंटरसिटी,प्रयागराज डॉ. अम्बेडकर नगर, इन्दौर-पटना, इन्दौर-हावड़ा, अहमदाबाद-गोरखपुर, शिप्रा एक्सप्रेस इन्दौर-हावड़ा सहित अन्य ट्रेनों का स्टापेज सीहोर स्टेशन पर करने की मांग की गई।

# विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस हुई सख्त, अपराधियों की खैर नहीं



**आष्टा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस अपराधियों पर सख्त हो गई है। अपराधियों की धरपकड़ जारी है, इसी कड़ी में चौकी अमलाहा पुलिस द्वारा दहशत फैलाने की नियत से अवैध कट्टा कारतूस लेकर घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।


चौकी प्रभारी अमलाहा अविनाश भोपले ने बताया कि मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना हुई थी कि एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लिए कोई घटना घटित करने की फिराक में घूम रहा है। सूचना पर अमलाहा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान एवं हुलिया के अनुसार पहुंचे, पुलिस को आता देखकर अश्वपाल चौहान पिता अंबाराम चौहान (40) निवासी अमलाहा भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर रोका गया एवं तलाशी ली गई, जिसके पास से अवैध पिस्टल एवम एक जिंदा कारतूस मिली। आरोपी से पूछताछ पर आरोपी उम्र 40 साल निवासी अमलाहा का निवासी होना बताया गया।

आरोपी को अभिरक्षा में लेकर एक अवैध पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है।

**किसानों के लिए नहीं है मंडी मे पर्याप्त व्यवस्था**

# मंडी प्रशासन के कारण अन्नदाता को बिचौलिए लूट रहे खुलेआम





***आष्टा, देशबन्धु।*** *प्रदेश भर में ए क्लास की मंडी के नाम से जाने जानी वाली आष्टा कृषि उपज मंडी वैसे तो हमशा विवादों में रही है। क्योकि यहां वर्षो से पदस्थ कुछ कर्मचारी अपनी मनमानी करते है। वही कही न कही अवैध खरीदी करने वाले बिचौलिया को भी भरपूर मदद करते है। ऐसा भी नही है कि मंडी सचिव को इसकी जानकारी नही है। लेकिन कहते है न कि सबकुछ तय है। तो फिर कार्यवाही क्यों की तर्ज पर सबकुछ हो रहा है। नही तो मंडी प्रशासन सख्ती के साथ बिचौलियो पर कार्यवाही करने से क्यों घबरा रहा है। आज हालत यह है कि देश के किसानों को न स्वच्छ पानी की व्यवस्था है। न पर्याप्त बैठने की। किसानों के टीन शेड पर अतिक्रमणकारीयों का कब्जा है कई महीनों से सफाई नहीं होने के कारण जगह जगह जाले लगे हुए है। टीन शेड पर कुछ व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है। अतिक्रमणकारियों के कारण परिसर अब छोटा पड़ने लगा है। वही किसानों को अपना ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य वाहन लाने ले जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है।*

***आवक-जावक गेट केवल नाम के :*** *कृषि उपज मंडी में दो गेट है। एक आवक का और एक जावक का लेकिन ड्यूटी कर्मचारी की लापरवाही के कारण कई बार जावक गेट पर भी बड़ी तादाद मे आवक भी होती रहती है। जिससे जहां गेट पर जाम लगता है। वहीं दुर्घटना का भय भी बना रहता है। जावक गेट पर आवक वाहन किस नियम के अंतर्गत प्रवेश करते हैं। यह तो कर्मचारी ही जाने जो प्रवेश कराता है, ऐसा लगता है कि इसमें भी कहीं न कहीं कर्मचारियों को निजी स्वार्थ हो सकता है। नही तो किसी की क्या मजाल कि जावक गेट से आवक वाहन प्रवेश कर सके। ऐसा भी नही है कि मंडी सचिव को इसकी जानकारी न हो क्योकि मंडीगेट से लेकर मंडी परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे है। जिसमे सबकुछ कैद होता है। बस नजरिया देखने का बदलना होगा।*

***सफाई के लिए हजारों का भुगतान, फिर मंडी परिसर में कचरा क्यों :*** *कृषि उपज मंडी मे प्रतिदिन सफाई हो इसके लिए मंडी समिति हजारों रुपये मासिक का भुगतान करती है फिर जवाबदार अधिकारी यह क्यों नहीं देखते कि सफाई होती है कि नहीं।*

***3 दिन रहेगी मंडी बंद , बिचौलियो की बल्ले-बल्ले :*** *कृषि उपज मंडी लगातार तीन दिन तक बंद रहेगी। कृषि उपज मंडी सचिव ने बताया कि 14 अक्टूबर को 15 और 16 अक्टूबर को विधानसभा निर्वाचन के लिए मंडी कर्मचारी का प्रशिक्षण होने के कारण लगातार 3 दिन अवकाश रहेगा। कृषि उपज मंडी के सामने से लेकर भोपाल नाका पदमसी रोड के अलावा एक तरह से अलीपुर में बिचौलियों ने उपमंडी जैसा अवैध करोबार का जाल फैला रखा है।*

*अधिकांश बिचौलियों के पास कोई लाइसेंस नहीं है। बस केवल जवाबदारियों की शह पर सबकुछ तय है तो फिर किस बात का भय है कि तर्ज पर सबकुछ हो रहा है। जिससे बिचौलियों को रातों-रात लखपति बनते जा रहे हैं, क्योकि ज्यादा बोल और कम तोल के साथ-साथ किसानों को भाव में भी मारा जा रहा है।*

## कॉलोनियों में सुविधाएं ना मिलने से नाराज लोगों ने लगाए पोस्टर, लिखा-

# वोट मांगकर हमें शर्मिंदा न करें




**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही राजधानी भोपाल में सड़क, पानी, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं के मुद्दे भी उठने लगे हैं। यहा मूलभूत सुविधाएं मिलने से नाराज 3 कॉलोनियों के लोगों में तो चुनाव के बहिष्कार के पोस्टर-बैनर लग चुके हैं। इनमें से न्यू चौकसे नगर में 'वोट मांगकर हमें शर्मिंदा न करें जैसे कई पोस्टर लगे हैं। वहीं, कोलार के डीके होम्स में भी इसी तरह के पोस्टर-बैनर लगाए गए हैं। वहीं होशंगाबाद रोड स्थित दानिश नगर के कई घरों के बाहर नर्मदा जल नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगे हैं।

बैरसिया रोड पर लाबंखेड़ा के समीप स्थित न्यू चौकसे नगर में रहने वाले लोगों ने डेढ़ महीने पहले ही चुनाव के बहिष्कार के पोस्टर और बैनर लगा दिए थे। दरअसल यहां के लोग सालों से सीवेज, स्ट्रीट लाइट, सड़क समेत अन्य सुविधाओं से वंचित रहे हैं। इस वजह से इस बार चुनाव में मतदान नहीं करने का फैसला लिया है। कालोनी के राजेश सैनी ने कहा कि न्यू चौकसे नगर में सबसे बड़ी समस्या सीवेज की है। सीवेज सिस्टम नहीं होने की वजह से गंदा पानी हमारे घरों के पास और सड़कों पर ही बहता है। इस कारण मच्छर पनपते हैं। जिस वजह से आए दिन लोग लोग बीमार होते हैं। वहीं स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं, सड़कें भी ठीक नहीं है। नगर निगम अफसरों से बात की गई तो उनका कहना है कि कॉलोनी नगर निगम को हस्तांतरित नहीं हुई है। लिहाजा यहां विकास कार्य नहीं कराए जा सकते है, जबकि निगम उनसे तमाम करों की वसूली करता है। गौरतलब है कि न्यू चौकसे नगर राजधानी भोपाल के वार्ड नंबर-79 का हिस्सा है, जबकि बैरसिया विधानसभा में आता है।

वहीं होशंगाबाद रोड स्थित दानिश नगर के लोगों का कहना है कि कॉलोनी वैध है। नगर निगम सभी कर ले रहा है, लेकिन पानी को लेकर परेशानी को दूर नहीं कर रहा हैं। कई साल बीतने के बावजूद निगम या सरकार ने पानी के उचित प्रबंध नहीं दिए हैं। इसके चलते लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसे लेकर रहवासी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन अब चुनाव में लोगों ने इसे मुद्दा बना लिया है। यहीं वजह है कि यहां के हर घर में नर्मदा जल नहीं तो वोट नहीं और न भीख मांग रहे, न दान मांग रहे, हम अपना अधिकार मांग रहे के पोस्टर और बैनर जगह-जगह लगा दिए हैं।

# धूप में तल्खी बरकरार, रात में हल्की ठंड का एहसास

## आज बदल सकता है मौसम का मिजाज



***भोपाल, देशबन्धु।*** *अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय दो मौसमी सिस्टमों के असर से हवाओं का रुख बार-बार बदलने लगा है। रात के समय उत्तरी हवा चलने से जहां न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है, वहीं दिन के समय हवा का रुख कभी पश्चिमी और कभी दक्षिणी हो जाता है। वहीं हवाओं के साथ नमी आने के कारण राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी शहरों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। मध्य महाराष्ट्र के पास एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। मध्य महाराष्ट्र के आसपास बने प्रति चक्रवात के असर से हवाओं का रुख बदल रहा है। साथ ही हवाओं के साथ अरब सागर से नमी भी आ रही है। इसके चलते आंशिक बादल भी बन रहे हैं। वहीं दिन के समय हवा का रुख कभी दक्षिणी तो कभी उत्तर-पश्चिमी बना रहता है, जबकि रात के समय उत्तरी हवाएं चल रही हैं। इससे पूरे प्रदेश में दिन में तापमान बढ़ा हुआ है और न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास है ।*

*मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वातावरण में नमी बढ़ने के कारण शनिवार को प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाने की संभावना है। साथ ही कहीं-कहीं हल्की बूंदा-बांदी भी हो सकती है। वहीं रविवार-सोमवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। उधर शुक्रवार को राजधानी भोपाल का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक था।*

## धमेंनियां सहस्त्रावली का लोकार्पण



**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक कुमार धमेंनियां की दोहावली कृति धमेंनियां सहस्त्रावली का लोकार्पण आज मानस भवन श्यामला हिल्स में मद्भागवताचार्य एवं मानस मर्मज्ञ, श्याम मनावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर मानस भवन के अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, प्रभु दयाल मिश्र, देवेन्द्र कुमार रावत, गौरी शंकर शर्मा, चन्द्रभान राही सहित बड़ी संख्या में भक्त, कवि उपस्थित थे ।कार्यक्रम में भागवताचार्य श्याम मनावत ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुस्तक में वंदना, साधु , संत, अयोध्या, बुंदेलखंड, चित्रकूट, सुंदर कथन, अहंकार, कोरोना, भक्ति, अध्यात्म, वर्षाकाल, युवा, संस्कार आदि 18 विषयों पर 1011दोहों का संकलन और इसे सहस्त्रावली का रूप देना, कृति को अपने आप में विशिष्ट बना देता है ।मानस भवन के अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने कहा कि पुस्तक में जीवन के प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर दोहे सृजित किये गए हैं, जो शिक्षाप्रद होने के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर है ।उन्होंने पुस्तक को विशिष्ट और पढ़ने योग्य बताया।

# मैनिट में दीक्षा समारोह 25 नवंबर को

## 68 विद्यार्थियों को मिलेंगे स्वर्ण व रजत पदक

**भोपाल, देशबन्धु।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (मैनिट) का 19वां व 20वां दीक्षा समारोह 25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें वर्ष 2022 और 2023 बैच के पासआउट 3 हजार 159 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस दौरान दोनों बैच को मिलाकर यूजी में 68 विद्यार्थियों को स्वर्ण व रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा।

मैनिट प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर को सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू होकर दोपहर बाद 1:30 बजे तक चलेगा। समारोह में मैनिट के कुलपति और कुलसचिव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। दीक्षा समारोह में वर्ष 2022 बैच के यूजी में 962 विद्यार्थियों को उपाधि मिलेंगी। इनमें बीटेक के 849, बीआर्क 76 और बी प्लान के 37 विद्यार्थियों को उपाधि मिलेगी। वहीं पीजी में एमबीए के 31, एमसीए 94, एमटेक के 425 व एम प्लान के 34 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। पीजी में 584 विद्यार्थियों को उपाधि मिलेंगी। इसमें 17 को स्वर्ण और 17 को रजत पदक मिलेगा। समारोह में 36 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। 2023 बैच के 20वें दीक्षांत में यूजी में बीटेक के 925, बी आर्क 78 और बी प्लान में 39 विद्यार्थियों को उपाधि



मिलेगी। यूजी में कुल 1 उपाधि 42 को उपाधि बांटी जाएगी। यूजी में 34 विद्यार्थियों में से 17 को स्वर्ण और 17 को रजत पदक मिलेगा। वहीं, पीजी में 22 एमबीए, 105 एमसीए, 298 एम टेक, 31 एम प्लान, 15 को एमएससी फिजिक्स और 14 को एमएससी केमिस्ट्री की उपाधि मिलेगी। पीजी में 485 को उपाधि दी जाएगी। इसमें 50 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी।

## कर्फ्यू वाली माता मंदिर का स्थापना दिवस 20 को

# मां भवानी धारण करेंगी 15 तोले सोने का हार

**भोपाल, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्र में सोमवारा स्थित जय मां भवानी मंदिर समिति द्वारा मां कर्फ्यू वाली माता के मंदिर का 41वां स्थापना दिवस 20 अक्टूबर मनाया जाएगा। इस दिन मां भवानी को 15 तोला वजनी करीब नौ लाख रुपये का सोने का हार चढ़ाया जाएगा। साथ ही दो तोला वजनी करीब एक लाख 20 हजार रुपये कीमत का हार भी मां पार्वती को धारण कराया जाएगा। दोनों सोने के हार दान दाताओं से मिली राशि से भोपाल में ही बनवाए गए हैं।

मां भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी व सचिव जगदीश जोशी ने बताया कि रविवार 15 अक्टूबर को नवरात्र के पहले दिन मंदिर में घट स्थापना एवं ज्वारों का रोपण कर माताजी का आह्वान किया जाएगा। इसके बाद पूरे 9 दिनों तक विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस बीच 20 अक्टूबर को मंदिर के 41वें स्थापना दिवस पर राजधानी की विभिन्न धार्मिक पीठों के पीठाधीश्वरों एवं संत- महंतों द्वारा माता कर्फ्यू वाली को बंगाली कारीगरों द्वारा तैयार किए गए 15 तोले का स्वर्ण हार एवं माता पार्वती को दो तोले का स्वर्ण हार धारण कराया जाएगा। इस अवसर पर सभी संतों का सम्मान भी होगा।

पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्र में नौ दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा मातारानी को नई पोशाक धारण कराई जाती हैं, जिसकी बुकिंग एक माह पहले से शुरू हो चुकी है। अभी तक श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनों तक की पोशाकों की बुकिंग कराई जा चुकी है।

# नवरात्रि में मैहर जाने वाले यात्रियों को रेलवे का तोहफा, रुकेंगी 30 ट्रेनें

**भोपाल, देशबन्धु।** नवरात्रि में मैहर के मां शारदा मंदिर में दर्शन करने जाने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। रेलवे ने मां शारदा के भक्तों को बड़ी सौगात देते हुए नवरात्रि के दिनों में मैहर रेलवे स्टेशन पर 15 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव देने का फैसला लिया है। ये ट्रेनें 15 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक 5-5 मिनट तक मैहर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी और फिर आगे रवाना होंगी। इससे मैहर आने जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार मैहर में जिन ट्रेनों को अस्थायी ठहराव दिया गया है, उनमें लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस,लोकमान्य तिलक टर्मिनस- छपरा -लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, चेन्नई-छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस, वलसाड-मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस, कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर एक्सप्रेस, दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, दुर्ग-नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस, पूर्णा-पटना-पूर्णा एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-राँची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस-पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, पुणे-बनारस-पुणे एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, सूरत-छपरा-सूरत एक्सप्रेस शामिल है।

## सहकारी संस्थाओं के नाम से धोखाधड़ी करने वालों से सावधानी जरूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता विभाग द्वारा आम नागरिकों को सहकारी साख संस्थाओं के नाम पर ठगी करने वाले गिरोहों से सावाधान रहने की सलाह दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी संस्थाओं द्वारा केवल अपने सदस्यों से ही अमानत राशि प्राप्त कर जरूरतमंद संस्था सदस्यों को ही ऋण प्रदान किया जा सकता है। विभाग ने बताया कि कुछ शहरी साख सहकारी संस्थाओं द्वारा गैर सदस्यों से भी जमा राशियाँ प्राप्त कर धोखाधड़ी का काम किया जा रहा है। नागरिक ऐसी संस्थाओं के झाँसे में न आएँ।

# ननि पितृ पक्ष के बाद फिर शुरू करेगा राजस्व वसूली में सख्ती

## बकायादारों के घरों में चस्पा किए जाएंगे नोटिस सपंत्तियों की होगी कुर्की

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में नगर निगम पितृ पक्ष के बाद फिर से बकाया संपत्ति कर, जलकर व ठोस अपशिष्ठ प्रभार नहीं जमा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरु करेगा। इसके तहत बकायादारों के घरों में नोटिस चस्पा करने के साथ बैंड बजाकर नाम सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद भी यदि लोग बकाया राजस्व नहीं जमा करते तो उनके संपत्तियों की कुर्की की जाएगी।

दरअसल नगर निगम ने हर माह 20 करोड़ रुपये राजस्व वसूलने का लक्ष्य रखा है। लेकिन सितंबर में स्वच्छता अभियान और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वजह से वसूली सुस्त रही है। अब पितृ पक्ष के बाद फिर वसूली के लिए सख्ती शुरु होगी। नगर निगम बैंड-बाजे के साथ बकायादारों के नाम सार्वजनिक करते हुए टैक्स वसूली करेगा। हालांकि इसे अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से ही लागू करना था, लेकिन पितृ पक्ष के कारण इसको आगे कर दिया गया है।

गौरतलब है कि निगम की आर्थिक हालत खराब है और उसको रोजाना दो करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य मिला है। हालांकि वसूली एक से सवा करोड़ हर रोज ही हो पा रही है। हालांकि पिछले वित्तीय वर्ष में निगम ने रिकार्ड 493 करोड़ रुपए की वसूली की थी। इसमें सबसे ज्यादा 220 करोड़ रुपए संपत्तिकर के रूप में आए थे।

उल्लेखनीय है कि वार्ड से मिलने वाले सपंत्तिकर की 50 प्रतिशत राशि संबंधित वार्ड के विकास कार्यों में खर्च की जाती है। ऐसे में जिस वार्ड में संपत्तिकर वसूली अधिक होगी, वहां विकाय कार्य भी अधिक होंगे। वर्तमान में सबसे बेहतर वसूली जोन क्रमांक 10, 13, 14 और 18 में हुई है। इसलिए विकास भी यहां अन्य जोन की अपेक्षा अधिक होता है।

### इनका कहना है

नगर निगम ने राजस्व वसूली के लिए जोन स्तर टीम का गठन किया गया। प्रत्येक वार्ड में ऐसे सौ-सौ बड़े बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है, जो लंबे समय से संपत्तिकर, जलकर व ठोस अपशिष्ठ प्रभार समेत अन्य राजस्व का भुगतान नहीं कर रहे हैं। अब इनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई होगी।

**पवन सिंह,** अपर आयुक्त नगर निगम

# मंदिर से दानपेटी चुराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** टीटी नगर इलाके में स्थित हनुमान मंदिर से दानपेटी चुराने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक जयपुर राजस्थान का रहने वाला है। आरोपियों ने नशा करने के लिए मंदिर चोरी की थी। टीटी नगर पुलिस के मुताबिक जवाहर चौक मनोकामेश्वर हनुमान मंदिर के पुजारी अजय तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताय कि कि वह नौ अक्टूबर की रात करीब साढ़े दस बजे पूजा पाठ करने के बाद मंदिर का परदा बंद कर टहलने चले गए थे, रात करीब साढ़े 12 बजे आकर देखा तो मंदिर की दानपेटी रखी थी। अगले दिन सुबह साढ़े चार बजे पूजा के मंदिर का पर्दा खोला गया तो मंदिर की दानपेटी जगह पर नहीं थी। अज्ञात चोर उसे चुराकर ले गए थे। दानपेटी में करीब पांच हजार की राशि होने की जानकारी पुजारी ने पुलिस को दी थी। टीटी नगर पुलिस ने आरोपियों की तलाश में करीब सौ सीसीटीवी खंगाले और पुराने बदमाशों से पूछताछ शुरू की। इस दौरान पुलिस को जिंसी जहांगीराबाद में रहने वाले एक बदमाश 20 वर्षीय फरीद खान की मौके पर नजर आने की जानकारी मिली। उसके बाद पुलिस ने फरीद को उसके मकान से हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने चोरी की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि उसने अपने साथी शाहरुख खान और गोलमदास की मस्जिद पहाड़गंज घाटगेट जयपुर राजस्थान और सलमान उर्फ खालिद के साथ मिलकर चोरी की थी। इस पर पुलिस ने सलमान को तो गिरफ्तार कर लिया, जबकि सलमान फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों आरोपी शातिर चोर हैं और रैकी कर चोरी करने में माहिर माने जाते हैं।

# छात्रा को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

## अश्लील वीडियो भी प्रसारित किया

**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया के एक गांव में रहने वाले युवक और युवती के बीच दोस्ती हो गई। जल्द इनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके चलते युवक शादी का झांसा देकर युवती को भोपाल ले आया उसने नादरा बस स्टैंड के करीब एक होटल में कमरा लिया और यहां युवती के साथ ज्यादती की। इतना ही नहीं आरोपी ने इसका वीडियो भी बना लिया। बाद में आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता ने शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपी ने युवती के वीडियो प्रसारित कर दिए। इस पर पीड़िता थाने पहुंची और प्रकरण दर्ज कराया।

बैरसिया पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय युवती बैरसिया इलाके के एक गांव में रहती है तथा कॉलेज की छात्रा है। इसी गांव में एक नीतेश दांगी नाम का युवक रहता है। एक ही इलाके में रहने के कारण दोनों के बीच बातचीत होती थी। एक साल पहले दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया था। प्यार का इजहार करने के बाद नीतेश ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। युवती ने जब शादी के लिए हामी भर दी तो एक दिन नीतेश युवती को भोपाल ले आया। यहां उसने नादरा बस स्टैंड के करीब एक होटल में कमरा लिया और यहां युवती के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिए। इसके बाद भी नीतेश युवती के साथ संबंध बनाता रहा। पिछले दिनों जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला तो नीतेश ने शादी करने से मना कर दिया। दोनों के बीच जब विवाद बढ़ा तो नीतेश ने युवती के अश्लील वीडियो प्रसारित कर दिए। यह वीडियो जब युवती के पिता तक भी पहुंच गए तो दोनों के बीच रिश्ते की सच्चाई सामने आ गई। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को कर दी गई। पुलिस ने बलात्कार व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

# सिगरेट पीने के लिए लाइटर जलाते ही कमरे में भड़की आग, झुलसने से युवक की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में एक हैरान कर देने वाली घटना में एक युवक की मौत हो गई। दरअसल युवक खुद को कमरे में बंद कर सिगरेट पीने के लिए जैसे ही सिगरेट जलाने के लिए लाइटर जलाया तो कमरे में आग भड़क गई, जिसमें वो गंभीर रुप से झुलस गया था। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



पुलिस के अनुसार ईदगाह हिल्स इलाके में रहने वाले अजय पंथी को गत दिवस कबाड़ में एक फॉम स्प्रे मिला था। वो अपने बच्चों के साथ कमरे में बैठकर फॉम स्प्रे छिड़कर मस्ती कर रहा था। कुछ देर बाद जब बच्चे थक कर कमरे से बाहर चले गए तो अजय ने सिगरेट पीने के इरादे से कमरे को अंदर से बंद किया और जैसे ही सिगरेट जलाने के लिए लाइटर जलाया तो कमरे में आग भड़क गई। अजय की चीखें सुनकर परिवार के लोग उसके कमरे पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि संभवत: कमरे में फॉम स्प्रे की गैस थी जिसके कारण आग भड़की।

### 8 साल पहले किया था प्रेम विवाह

परिजन के मुताबिक अजय ने 8 साल पहले प्रेम विवाह किया था। उसके दो बच्चे हैं। इनमें बेटी 6 साल की है और बेटा 4 साल का। घटना से ठीक पहले अजय बच्चों के साथ उसी कमरे में खेल रहा था और चंद मिनट पहले ही बच्चे कमरे से बाहर निकले थे। अजय की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। हर कोई इस घटना से हैरान है।

# 3 शराब दुकानों पर 75 हजार रूपए जुर्माना

**भोपाल, देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने 3 मदिरा दूकानों को निर्धारित समय से अधिक समय तक खुला पाए जाने पर 25 हजार रूपये के मान से 75 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी आबकारी अधिकारी के विगत दिनों किए गए निरीक्षण में मदिरा दुकान पिपलानी लायसेंसी विजय सिंह, मदिरा दुकान अन्ना नगर लायसेंसी भोले विश्वनाथ, मदिरा दुकान, करौंद चौराहा लायसेंसी रामस्वरूप शिवहरे द्वारा विक्रय हेतु निर्धारित समय रात्रि साढ़े 11 बजे के पश्चात रात्रि एक बजे मदिरा दुकान खुली पाई गई ।वहीं करोंद चौराहे की मदिरा दुकान निर्धारित समय प्रात: साढ़े 8 बजे के पूर्व प्रात: 6.45 बजे खुली पाई गई जो कि आबकारी अधिनियम का उल्लंघन है। इसके चलते आबकारी अधिनियम, के प्रावधानों के अंतर्गत तीनों मदिरा दुकानो पर रूपये 25-25 हजार की रूपये का जुर्माना लगाने के आदेश कलेक्टर द्वारा जारी किए गए है।


JNCT COLLEGE, BHOPAL
(Affiliated to Barkatullah University, Bhopal)
APPOINTMENT IN BBA & B.COM COURSES
Applications are invited for the following posts under college code 28 of Barkatullah University, Bhopal
Principal | Professor | Associate Professor | Asst. Professor
*Qualification and Salary will be as per UGC norms*
*The application with complete details/Bio-data should be submitted within 5 days by email/post to:* contact@jnctbhopal.ac.in
New Chouksey Nagar Berasia road, Bhopal ✆ 9109180721

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, नगर संभाग सागर
अपील
सम्मानीय नगर संभाग सागर के समस्त सार्वजनिक दुर्गा उत्सव आयोजकों और संयोजकों से अपील है कि नवरात्रि के दौरान दुर्गा प्रतिमाओं के स्थापना पंडालों की विद्युत सज्जा के लिए विधिवत प्राप्त अस्थाई विद्युत कनेक्शन का आवेदन कर आवेदित/स्वीकृत भार के अंदर प्रयोग करें। विद्युत सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन अवश्य करें।
सार्वजनिक आयोजनों में विद्युत का अप्राधिकृत एवं अनाधिकृत/ अवैध प्रयोग/ संबद्ध विद्युत भार पाए जाने पर आयोजकों या और पंडाल सज्जा संचालकों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की संबंधित धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।
'विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है'
कार्यपालन अभियंता ( नगर संभाग )
म.प्र.पू.क्षे. वि.वि.कं. लि. सागर

# अभिमत

*राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा।*

## न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत जनगणना



डॉ.मलय मिश्रा

गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा जारी व्यापक जाति सर्वेक्षण (काम्प्रिहेन्सिव कास्ट सर्वे-सीसीएस) ने 1990 के दशक की शुरुआत की यादों को ताजा कर दिया है जो मंडल आयोग की रिपोर्ट जारी होने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए आडवाणी के नेतृत्व वाली रथ यात्रा (जो दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के रूप में समाप्त हुई थी) से जुड़ी हुई हैं। पहला नाम मंडल कमंडल से जोड़ा गया जिसका इस्तेमाल वीपी सिंह सरकार द्वारा ओबीसी को जाति-आधारित आरक्षण देने के लिए मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के प्रयासों का वर्णन करने के लिए किया गया था और जिसे भाजपा की वोट हासिल करने के लिए उभरती हुई हिंदुत्व की प्रचलित धारणा के खिलाफ माना गया था।

विपक्षी दलों और यहां तक कि सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाले 'अपना दल' ने भी छोटे जाति-आधारित समूहों की राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना सीसीएस की मांग का प्रस्ताव रखा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में सत्ता में आने पर कांग्रेस ने वादा किया है कि वह जाति आधारित जनगणना करवाएगी। यदि ऐसा होता है तो स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित जनगणना कराने का यह पहला अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि पिछली जाति जनगणना 1931 में की गई थी। याद रखने वाली बात यह है कि पिछले दशक में जनगणना 2011 में की गई थी और 2021 में होने वाली जनगणना को कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाद में जनगणना के प्रति मोदी सरकार की उदासीनता के कारण यह काम टाल दिया गया है।

2014 में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने हिंदू आधार को मजबूत करने और हिंदुओं की सभी जाति समूहों को एक व्यापक तम्बू के नीचे लाने में सक्षम होकर व्यवस्थित रूप से अपनी प्रोफाइल, सदस्यता और मतदान प्रतिशत में वृद्धि की है। भाजपा के वोट शेयर का एक बड़ा हिस्सा खुद को हिंदुओं के हितों की रक्षा करने वाली हिंदू पार्टी के रूप में पेश करने से आता है। इस परिप्रेक्ष्य में पार्टी ने उच्च जातियों-ब्राह्मणों, बनिया, कायस्थों के साथ-साथ ओबीसी और अन्य अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों के एक व्यापक समूह का समर्थन किया है जहां निचली जातियों ने सत्ता-साझेदारी के इंद्रधनुषी गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए अपने हितों को छोड़ दिया है। इस रणनीति से भाजपा को 2014 और 2019 के आम चुनावों में लगातार जबरदस्त लाभ मिला है। हिंदी-हिंदू बेल्ट के तीन राज्यों सहित पांच राज्यों में चुनावों के कुछ महीने बाद लोकसभा का अगला आम चुनाव आ रहा है। बिहार जाति सर्वेक्षण ने दिखाया है कि बिहार की आबादी में 63 प्रतिशत लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एक्सट्रीमली बैकवर्ड क्लास-ईबीसी) के हैं जिसमें एससी की साझेदारी19.65 फीसदी है। इस प्रकार एससी और एसटी समूहों के साथ-साथ हिंदू धर्म के व्यापक स्पेक्ट्रम से संबंधित निचली जाति समूहों का कुल प्रतिशत आबादी के 83 फीसदी से अधिक तक पहुंच जाता है जबकि उच्च जातियों को केवल 15.5 फीसदी तक ले जाया जा सकता है। इस वर्गीकरण में 17.7 प्रतिशत से अधिक की कुल मुस्लिम आबादी में से 5 फीसदी उच्च जाति के मुसलमान शामिल हैं।

इस समीकरण ने न केवल भाजपा के चुनावी गणित को बिगाड़ दिया है बल्कि इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और रोजगार में उनकी आबादी की हिस्सेदारी के अनुपात में उच्च आरक्षण के उद्देश्य से जाति विन्यास को फिर से तैयार करना है। इस प्रकार विपक्षी समूहों के बीच राहुल गांधी के नारे-'जितनी आबादी, उतना हक' को एक प्रतिध्वनि मिली है जिन्होंने राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए भाजपा पर बढ़ते दबाव में अपनी आवाज जोड़ दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने सीसीएस पर रोक के खिलाफ फैसला सुनाया है। यह फैसला पटना उच्च न्यायालय के 1 अगस्त के उस आदेश का समर्थन करता है जिसमें राज्य सरकार को केंद्र की आपत्तियों के बावजूद अपनी जाति जनगणना के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। केन्द्र का कहना है कि संविधान की 7 वीं अनुसूची, जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम 1990 के अनुसार जनगणना करने का अधिकार केवल केंद्र को ही है और इस तरह के सर्वेक्षणों में प्रतिवादी की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा सकता है। बिहार सरकार ने इस कवायद को 'सामाजिक सर्वेक्षण' बताते हुए राज्य विधानमंडल की अगली बैठक में सर्वेक्षण के सामाजिक-आर्थिक आयामों को सामने लाने की प्रतिबद्धता जताई है ताकि शासन के लाभ आबंटित करने और अब तक गिने नहीं जाने वाले समूहों के लिए आरक्षण को चिह्नित करने के लिए लक्ष्य तय किए जा सकें।

यह ध्यान देने वाली बात है कि सर्वेक्षण जारी होने के एक दिन बाद नीतीश कुमार सरकार ने राज्य न्यायिक सेवाओं तथा राज्य द्वारा संचालित लॉ कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत कोटा आबंटित किया और इस प्रकार भाजपा पर एक तरह की बढ़त हासिल की। भाजपा ने 8 लाख रुपये की वार्षिक सीमा का आय मानदंड तय करते हुए उच्च जातियों को संतुष्ट करने के लिए इस तरह की श्रेणी शुरू की थी। कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों ने पहले ही अपने ओबीसी सर्वेक्षण पूरे कर लिए हैं जबकि राजस्थान ने राज्य चुनावों के बाद इसे लाने की घोषणा की है।

राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा तथा आधार और मध्यस्थ स्तरों पर गठबंधन की अगुआई करेगा।

यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर 2024 के आम चुनावों में विपक्ष पर बढ़त हासिल करने की भाजपा की योजनाओं पर पानी फेरने की कोशिश की है। कोई आश्चर्य नहीं होगा कि बिहार की राजनीति के इस मास्टरस्ट्रोक से भाजपा नेतृत्व चकित हो गया है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर जाति कार्ड खेलने का आरोप लगाते हुए असंबद्ध बयान दिए हैं। उनका कहना है कि गरीबी सबसे बड़ी जाति है जिसका अर्थ है कि राज्य सरकारों को जाति के नाम पर समाज को विभाजित करने के बजाय गरीबी दूर करने के प्रति अधिक ध्यान देना चाहिए। उनका यह वक्तव्य बिना सोचे-समझे की गई प्रतिक्रिया की तरह लगता है। सत्तारूढ़ पार्टी, अपने स्थानीय और क्षेत्रीय वार्ताकारों के माध्यम से ओबीसी और निचली जाति की बढ़ती मांगों को रोकने में कामयाब नहीं हो सकती है। इस अर्थ में, भाजपा द्वारा वैचारिक रूप से थोपी गई समरसता और निचले तबके के लोगों के लिए समानता संवैधानिक रूप से स्वीकृत समानता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जिसे उच्चतम स्तर पर न्यायिक जांच का टेका लगाया जा सकता है।

डॉ.आंबेडकर ने अपनी किताब 'दी अनाइलेशन ऑफ कास्ट' में दलितों से आह्वान किया था कि वे पूरी तरह से हिंदू धर्म से अपनी पहचान खत्म करें ताकि विरोध की एक नई भाषा विकसित की जा सके और वास्तविक सशक्तिकरण के लिए एक नई आवाज तथा पहचान बनाई जा सके। अफसोस, ऐसा नहीं होने जा रहा है। इसके बजाय धर्म की मान्यता प्राप्त संरचना के भीतर अपनी पहचान हासिल करने की कोशिश में ओबीसी समूहों के और अधिक टुकड़ों में विभाजित होने का निष्कर्ष सच हो जाएगा। हालांकि एक नई पहचान और सामाजिक विकास में समान हितधारक होने की आकांक्षा की इस खोज में ओबीसी को इस बात की सतर्कता बरतनी होगी कि अपनी सुरक्षा, समृद्धि और न्याय के लिए राज्य से अधिक ध्यान देने की उनकी मांग कहीं खो न जाए।

**(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

**यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी।**

## बीता सप्ताह

**7 अक्टूबर**

- चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश व केंद्र सरकार को नोटिस दिया।
- नार्वे की नोबेल समिति ने जेल में कैद ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में महुआ बोर्ड का गठन किया।
- मुंबई की गोरेगांव की एक इमारत में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**8 अक्टूबर**

- एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को को परास्त कर 8वीं बार स्वर्ण पदक जीता।
- गाजा पट्टी में हमास के हमलों का इजरायल ने दिया जवाब। गाजा में इजरायल की बमबारी से 160 लोग मारे गए।
- महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील होने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया।
- जीएसटी काउंसिल बैठक में मोटे अनाज से बने उत्पादों पर अब टैक्स नहीं लेने का फैसला लिया।

**9 अक्टूबर**

- अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए भूकंप से 2000 लोगों की मौत हो गई।
- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे बेघर हो गए।
- सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से 30 लोगों की मौत हो गई जिसमें 19 भारतीय जवान भी शामिल हैं।
- दिल्ली दंगों के फैसले को लेकर ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली दंगों के फैसले से सरकार क्यों10 नाराज

**10 अक्टूबर**

- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।
- छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 राजस्थान में 25, मिजोरम में 7, तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे।
- कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जातीय जनगणना करने का फैसला लिया।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया।
- सिंगापुर में भारतीय मूल के एत ड्रग अपराधी को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई।

**11 अक्टूबर**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंन्द्र प्रधान ने कहा कि देश के बाहर पहला आईआईटी तंजानिया में शुरू होगा।
- भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह विकास, सह उत्पादन और संपुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- जम्मू-कश्मीर के शोपिया के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए।
- ईडी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क कीं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री पद पर रहते हुए अर्जित की थी।

**12 अक्टूबर**

- राजस्थान में चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तिथि बदली। 23 नवंबर की जगह अब 25 नवंबर को होंगे मतदान।
- अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए।
- केंद्रीय ब्यूरो (सीबीआई) ने समाचार पोर्टल न्यूक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।
- जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई।

**13 अक्टूबर**

- कांग्रेस ने की पढ़ो पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देने की घोषणा।
- बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले तय हो रेलवे व केन्द्र की जवाबदेही
- राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया।
- बिहार में रेल हादसे में शुरू हुई सियात- नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी आमने-सामने

## बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर खिली बांछें वाला सनातनी राष्ट्रवाद

■ बादल सरोज

इस बार के एशियाई मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अलग-अलग मुकाबलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत, 41 कांस्य, इस तरह कुल मिलाकर 107 पदक जीते। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे बेहतर रिकॉर्ड है।

इन खेलों में संयोग ऐसा हुआ कि इस मुकाबले में भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया कोई पदक नहीं जीत पाए। खेल में ऐसा होना स्वाभाविक है; पिछले दिनों भाला फेंक में एक बार फिर मैडल जीतकर आये नीरज चोपड़ा की मां इसे बहुत ही सहजता के साथ कह भी चुकी हैं कि जब कोई खेल प्रतियोगिता होती है तो एक खिलाड़ी जीतता है तो दूसरा हारता भी है। खेलों में हार-जीत कोई असामान्य या असाधारण बात नहीं है। फुटबॉल के तीनों जादूगरों पेले, माराडोना और लियोनिल मेस्सी की टीमे कई बार हारी भी हैं। सबसे अधिक गोल दागने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम तो अक्सर विश्व कप मुकाबलों के फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाती। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की टीम 1936 का ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीतने से ठीक पहले भारत में दिल्ली इलेवन से 4-1 के बड़े अंतर से हार गई थी। शतरंज के दिग्गज और वर्षों तक विश्व चैंपियन रहे बोरिस स्पास्की भी सिर्फ बॉबी फिशर से ही नहीं हारे, कई कई बार और भी हारे। मतलब यह है कि खेलों में हार- जीत होती रहती है और इसे हमेशा खेल भावना के साथ लिया जाना चाहिये, लिया जाता है। जीतने वाले खिलाड़ियों को देश की जनता और उसकी सरकारें सराहती हैं वहीं न जीत पाने वाले खिलाड़ियों का भी हौंसला बढ़ाती हैं, उनके साथ खड़ी होती हैं। दुनिया में ऐसा ही होता है, भारत जो इंडिया भी है, में भी ऐसा ही होता रहा है।

मगर 2014 के बाद का भारत, खासतौर से इसके हुक्मरान और उनके चरण चुम्बक औपचारिक और अनौपचारिक मीडिया के मामले में, बदला हुआ भारत है। पूर्वाग्रही विद्वेष और अपनों से ही नफरत इसकी विशेष पहचान है। इसका नमूना बजरंग पूनिया के न जीत पाने के बाद संघियों की आई टी सैल की ट्रोल आर्मी की जहरीली मुहिम में नजर आया। एशियाई खेलों में बजरंग पूनिया को हराने वाले जापान के कैकी यामागुची और ईरान के रहमान अमज़द खलीली अपनी जीत पर जितने खुश नहीं हुए होंगे उससे ज्यादा खुशी इन कथित राष्ट्रवादियों के थोबड़ों पर बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर थी। अपनी साथी महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ बहादुरी के साथ डटे रहने वाले बजरंग पूनिया के हारने पर पूरे गिरोह की बांछें खिली हुई थीं, वे और उनके भोंपू मीडिया ने बजरंग के न जीत पाने के लिए उनके द्वारा 'खेलों की बजाय राजनीति' करने के उनके काम को दोषी ठहराया और इस तरह उस व्यभिचारी भाजपा सांसद की अश्लील हरकतों के खिलाफ लड़ाई को 'राजनीति' बताने की दुष्टई की। इतना ही नहीं, खुद जिसके खिलाफ दिल्ली पुलिस की भरी-पूरी चार्जशीट है और जिसे अदालत ने समन जारी किया हुआ है, भाजपा के चहेते सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह भी अपनी खीज उतारने के लिए प्रेस से बात करने के लिए उपलब्ध हो गए और बजरंग पूनिया के बारे में अनेक उपदेश दे डाले। सनद रहे कि एशियाई खेलों में न जीत पाने वालों में बजरंग अकेले नहीं हैं, भारत ने 655 एथलीटों के साथ 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में हिस्सा लिया। जाहिर है सबके सब तो नहीं जीते। मगर उनके निशाने पर सिर्फ एक पहलवान है; होना भी चाहिए क्योंकि असल में वही सचमुच का पहलवान है भी। गलत को गलत, अन्याय को अन्याय कहने वाला, उनके खिलाफ लड़ने वाला पहलवान।

किसी भी सभ्य लोकतांत्रिक देश में कायदे से चर्चा इन खेलों में खेलने गई भारत की उस फुटबॉल खिलाड़ी चिंगलेनसाना सिंह की होनी चाहिये जो मणिपुर से है, चीन खेलने गई है जबकि मणिपुर में खुद उसका घर जलाया जा चुका है मगर वह इस सबके बावजूद देश के लिए खेलने गई है। मणिपुर की ही वुशु खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी की होनी चाहिये जो मैडल लेने के बाद इसलिए रो पड़ीं क्योंकि बाकी खिलाड़ियों की तरह वे अपने घर वापस नहीं लौट पाएंगी। अपना पदक अपने राज्य मणिपुर को यह कहते हुए समर्पित किया कि 'मैं चाहती हूं कि स्थिति सामान्य हो जाए पहले से बेहतर हो जाए। सब कुछ जलते हुए देखना, अच्छा नहीं लगता।' अंडर 16 खेलों में हॉकी का विश्व मुकाबला जीतकर आये मणिपुर के मैतेई खिलाड़ी भरत लारेन्जम और कुकी खिलाड़ी लेविस जैंगमिन्लुन की होनी चाहिये जिनके निर्णायक गोलों ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से जीत दिलाई थी, लेकिन जो अब साथ-साथ अपने घर नहीं लौट सकते। पूरे देश में चर्चा का विषय रिले रेस में स्वर्ण पदक जीतने वाली उस टीम की होनी चाहिये थी जिसमें मोहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और राजेश रमेश की जोड़ी के रूप में सचमुच का हिन्दुस्तान था। यह वह टीम थी जिसने इतिहास रच दिया और 1962 के बाद पहली बार रिले रेस के टीम इवेंट में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है।

मगर ऐसा करना हुक्मरानों के विभाजनकारी एजेंडे के हिसाब से काम का नहीं है। इसलिए इन सब पर बात नहीं होगी। बात के दो आयाम होंगे - पहले में उनकी बी टीम बजरंग पूनिया का मानमर्दन करेगी। कंस को कंस, दुशासन को दुशासन कहने की उसकी हिमाकत के लिए उसकी हार का जश्न मनायेगी। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पूनिया भारत के ऐसे कुश्ती खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलम्पिक सहित हरेक मुकाबले में मैडल जीते हैं। वे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले मुकाबलों में जीता एशियन खेलों का अपना गोल्ड मैडल सार्वजनिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करने का ऐलान किया था- इसके बावजूद वे उन्हीं अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर सामने रखने वाली ट्रोल आर्मी के निशाने पर रहे क्योंकि उन्होंने अपनी सहयोगी महिला खिलाड़ियों के साथ यौन अपराध करने वाले भाजपा सांसद को अपराधी कहने का साहस दिखाया। इसलिए उनके न जीत पाने पर ब्रजभूषण शरण के आचरण-सहोदरों को जश्न मनाना ही है। वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों की जीत को मोदी है तो मुमकिन है से जोड़कर मोदी की वजह से हुई जीत बताकर थैंक्यू मोदीजी का स्तुति-रुदन समारोह शुरू करना है। यह शुरू हो भी चुका है। खिलाड़ियों के लौटने के बाद मोदी जी अपनी चुनाव सभाओं में से समय निकाल कर इन खिलाड़ियों के साथ लंच, डिनर करेंगे, उन्हें खेल के गुर सिखायेंगे। पिछले मुकाबले के बाद भी उन्होंने यही किया था। उसके बाद जब यही खिलाड़ी- खिलाड़िने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की तरह किसी कोच, किसी खेल संघ के भाजपाई अध्यक्ष द्वारा अपने साथ किये किसी गलत और आपराधिक आचरण के खिलाफ आवाज उठाएंगे तो उन्हें जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा मारा पीटा और घसीटा जाएगा, राष्ट्रद्रोही करार दिया जाएगा।

इस कुनबे का राष्ट्रवाद इतना ही खोखला और इतना ही फर्जी है। अब फिर इस फर्जी राष्ट्रवाद का मुजाहिरा शुरु हो चुका है। अभी पांच राज्यों के चुनाव हैं, कुछ महीनों बाद लोकसभा के चुनाव भी हैं, इसलिए उत्सवी घन गरज तेज से तेजतर करनी है। लिहाजा इन दिनों, एक बार फिर, यह ढोंगी राष्ट्रवाद अपनी विद्रूपता के चरम पर है। बात अहम् ब्रह्मास्मि से भी आगे पहुंच गई है ; अब मोदी ही ब्रह्मा हैं, वे ही विष्णु हैं और वे ही विष्णु के अब तक के सारे अवतार हैं!! यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है किन्तु इसके पीछे सैकड़ों हजारों करोड़ के मुनाफे की लिप्सा के सिवाय और कुछ नहीं है ; क्रिकेट को कमाऊ उद्योग बनाने वालों को पता है कि यदि वे कोई शर्त लगाते तो उनके हाथों से यह पहली बार पूरी तरह भारत में प्रतियोगिता के आयोजन का मौक़ा छिन सकता था। चंद कारपोरेट दैत्यों का मुनाफ़ा ही इनके राष्ट्रवाद की प्राणवायु है। कहते हैं कि राष्ट्रवाद धूर्तों की आखिरी पनाहगाह - शरणस्थली - होता है।

इतिहास - दुनिया भर का इतिहास - बिना किसी अपवाद के इस तरह के लोगों के साथ एक सा बर्ताव करता रहा है। उन्हें कूड़ेदान के हवाले करता रहा है। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले महीने होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव इस पाखण्ड के अंत का आरम्भ करने वाले होंगे। बची-खुची कसर अगले साल की पहली छमाही में होने वाले आम चुनाव पूरी कर देंगे, क्योंकि अंधियारे कभी उम्रदराज नहीं होते।

*(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)*

**यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है।**

## हिरासत में जीता, नरगिस ने नोबेल

■ हेमलता म्हस्के

नॉर्वे की नोबेल पुरस्कार समिति ने इस साल उस ईरानी महिला नरगिस मोहम्मदी को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है जो अपने देश में महिलाओं के हक के लिए निरंतर लड़ाई लड़ रही है। जब नरगिस मोहम्मदी को नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई तब वह खुले आसमान के नीचे नहीं, बल्कि जेल में 12 सालों से बंद हैं। ओस्लो में पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने कहा है कि यह पुरस्कार ईरान की विवादमक्त नेता नरगिस मोहम्मदी को मान्यता देने के लिए दिया गया है। उन्होंने ईरान की सरकार से अपील की है कि वह नरगिस को जेल से रिहा कर दे, ताकि वे इस साल 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह में शामिल हो सकें।

नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।

नरगिस शुरू से अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 से ही नरगिस महिलाओं के लिए आवाज उठा रही हैं। वर्ष 2003 में उन्होंने तेहरान के 'डिफेंडर्स आफ हुमन राइट सेंटर' से काम शुरू किया। वे तेरह बार गिरफ्तार हुई। उन्हें 31 साल की जेल और 154 कोड़े मारने की सजा भी सुनाई जा चुकी हैं। आठ साल से वे अपने बच्चों तक से नहीं मिल पाई हैं। नरगिस को जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मदद करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी।

नरगिस कहती हैं कि मुझे जितनी यातना मिलती है, मैं उतनी ही मजबूत होती जाती हूं। अपने जेल जीवन का जिक्र करते हुए नरगिस कहती हैं कि मैं रोज खिड़की के सामने बैठकर हरियाली और आजाद ईरान का सपना देखती हूं। जितना ज्यादा वे मुझे प्रताड़ित करते हैं, मेरी प्रिय चीजों को मुझसे दूर करते हैं, मैं उतनी ही मजबूत होती हूं। यह जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक हम लोकतंत्र और आजादी नहीं पा लेते। मुझे उससे कम कुछ भी मंजूर नहीं है। फिलहाल उन्हें ईरान की कुख्यात 'एबीएन जेल' में रखा गया है।

बचपन से ही संघर्षशील रहीं नरगिस के पिता किसान थे। मां राजनीतिक पृष्ठभूमि से थीं। 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद राजशाही खत्म हुई तो उनके एक्टिविस्ट चाचा और दो भाई गिरफ्तार किए गए। इनमें से एक भाई को फांसी दे दी गई। तब नरगिस 9 साल की थी। नरगिस के दिल और दिमाग पर उसका गहरा असर पड़ा। इसके बाद उन्होंने विरोध की राह चुनने का फैसला किया। कॉलेज में संगठन खड़ा कर दिया। शादी की तो एक साल अज्ञातवास में बिताना पड़ा। इन सब घटनाओं ने नरगिस को और मजबूत बना दिया।

नरगिस का चार लोगों का परिवार कभी साथ नहीं रह पाया। बच्चों और पति को नरगिस के काम पर गर्व है। वे कहते हैं- एक पति और पिता के तौर पर बच्चों के साथ रहना बहुत मुश्किल है। मैं चाहता हूं कि नरगिस हमारे साथ रहें। उनके मिशन में हर कदम पर हम उनके साथ हैं। नरगिस को उनकी मां बचपन में कहा करती थीं कि बेटी कुछ भी कर लेना राजनीति से दूर रहना। ईरान जैसे देश में व्यवस्था से लड़ने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। लगता है, मां की वह चेतावनी सही साबित हुई है। बच्चों के साथ विदेश में रह रहे नरगिस मोहम्मदी के पति ताबी रहमानी ने कहा है कि यह नोबेल पुरस्कार मानव अधिकारों के लिए नरगिस की लड़ाई को प्रोत्साहित करेगा, लेकिन इससे भी अहम बात यह है कि यह ईरान में चल रहे 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' के लिए पुरस्कार भी है।

साथी कैदियों की तकलीफ को नरगिस ने 'व्हाइट टॉर्चर : इंटरव्यूज़ विद ईरानी वुमेन प्रिज़नर्स' नामक किताब में विस्तार से लिखा है। उन्होंने जेल को भी आंदोलन का केंद्र बना दिया है। उनके करीबी दोस्त बताते हैं कि फारसी शास्त्रीय संगीत में दक्ष नरगिस जेल के वार्ड में सभाएं करती हैं। गाने के साथ बर्तनों पर पारंपरिक धुन बजाती हैं और साथी कैदियों के साथ नृत्य भी करती है। उन्होंने जेल की दीवारों को लोकतंत्र और आजादी के नारों से रंग दिया है। नरगिस ने महिलाओं के अधिकारों, खासतौर पर मृत्युदंड उन्मूलन के लिए अभियान चलाया है। ईरान में उन्हें 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' की सबसे बुलंद आवाज माना जाता है। वे नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला और दूसरी ईरानी महिला हैं। इसके पहले ईरान की ही मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी को वर्ष 2003 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

नरगिस मोहम्मदी का जन्म 21 अप्रैल 1972 को ज़ांजन, ईरान में हुआ था और वे कोरवेह, करज और ओशनावियेह में पली-बढ़ीं। उन्होंने 'काज़्विन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' में दाखिला लिया, भौतिकी में डिग्री प्राप्त की और एक पेशेवर इंजीनियर बन गईं। अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने छात्र-समाचारपत्र में महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करने वाले लेख लिखे और राजनीतिक छात्र समूह 'ताशक्कोल दानेशजुयी रोशनगरान' (प्रबुद्ध छात्र समूह) की दो बैठकों में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वे एक पर्वतारोहण समूह में भी सक्रिय थीं, लेकिन बाद में उनकी राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें पर्वतारोहण में शामिल होने से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

नरगिस ने कई सुधारवादी समाचार पत्रों के लिए एक पत्रकार के रूप में काम किया और 'सुधार, रणनीति और राजनीति' नामक राजनीतिक निबंधों की एक पुस्तक प्रकाशित की। वर्ष 2003 में वे नोबेल शांति पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी की अध्यक्षता वाले 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' (डीएचआरसी) में शामिल हो गईं और बाद में संगठन की उपाध्यक्ष भी बनीं। वर्ष 1999 में उन्होंने साथी सुधार-समर्थक पत्रकार तघी रहमानी से शादी की, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। रहमानी 14 साल की जेल काटने के बाद 2012 में फ्रांस चले गए, जबकि मोहम्मदी ने अपना मानवाधिकार कार्य ईरान में ही जारी रखा। नरगिस और रहमानी के जुड़वां बच्चे हैं।

नरगिस मोहम्मदी को पहली बार 1998 में ईरानी सरकार की आलोचना के लिए गिरफ्तार कर साल भर जेल में रखा गया। अप्रैल 2010 में, उन्हें 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता के अपराध में 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी कोर्ट' में बुलाया गया। कुछ समय के लिए उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन कई दिनों बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार कर 'अबियन जेल' में रख दिया गया। हिरासत में रहने के दौरान नरगिस का स्वास्थ्य गिर गया और उन्हें मिर्गी जैसी बीमारी हो गई, जिससे वह समय-समय पर मांसपेशियों पर नियंत्रण खोती रहीं। एक महीने के बाद, उन्हें रिहा कर दिया गया और चिकित्सा उपचार लेने की अनुमति दी गई।

जुलाई 2011 में नरगिस पर फिर से मुकदमा चलाया गया और उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा, 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता और शासन के खिलाफ प्रचार' करने का दोषी पाया गया। सितंबर में उन्हें 11 साल की कैद की सजा सुनाई गई। नरगिस ने कहा कि उन्हें फैसले के बारे में अपने वकीलों के माध्यम से ही पता चला था और उन्हें 'अदालत द्वारा जारी 23 पन्नों का एक अभूतपूर्व फैसला दिया गया था जिसमें उन्होंने बार-बार मेरी मानवाधिकार गतिविधियों की तुलना शासन को गिराने के प्रयासों से की थी।'

मार्च 2012 में अपीलीय अदालत ने सजा को बरकरार रखा, हालांकि इसे घटाकर छह साल कर दिया गया। 26 अप्रैल को उन्हें अपनी सजा शुरू करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। इस सजा का ब्रिटिश सरकार ने यह कहते हुए विरोध किया कि यह 'ईरानी अधिकारियों द्वारा बहादुर मानवाधिकार रक्षकों को चुप कराने के प्रयासों का एक और दुखद उदाहरण' है। अब देखना है कि नरगिस मोहम्मदी को ईरान सरकार रिहा करती है या नहीं। पुरुस्कार के लिए उन्हें चुन लिया गया है। सारी दुनिया उन्हें महिलाओं के बीच एक ऐसी विराट हस्ती के रूप में देख रही है, जिसकी मिसाल वे खुद हैं।

*(लेखिका पुणे स्थित लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं)*

**नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मतदान जागरूकता के लिए हरगनाखेड़ी सेक्टर में निकाली रैली



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** सेक्टर हरगनाखेड़ी के ग्राम अम्मा नगर टपरा में चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए प्रशासन द्वारा गतिविधियों में तेजी लाते हुए मतदाताओं में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम में रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान कराने की ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक रजनी राय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति बघेल, करूणा गौंड, अंजुम बानो, माधुरी, रीना शर्मा, लक्ष्मी ,अनीता शर्मा, प्रीति जाटव, अनीता सहित अन्य महिलाओं भी शामिल हुई।

### माय स्कूल के विद्यार्थियों का जिला स्तर पर चयन




**गंज बासौदा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बाल रंग में बौद्धिक और योग एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुई। माय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय के संगीत शिक्षक शंभू गिरी गोस्वामी ने बताया कि लोक गीत गायन के कनिष्ठ वर्ग मे माय स्कूल के विद्यार्थियों का जिला स्तर के लिए चयन हुआ है। जिनमें हर्षिता श्रीवास्तव, यशी रघुवंशी, राधिका सेन, वैष्णवी विश्वकर्मा, उपासना मैथिल तनु यादव,महिमा कुशवाहा अनामिका कुशवाहा हैद्ध जिला स्तरीय बाल रंग के लिए सुभाष निकेतन विद्यालय की छात्रा फिजा खान का संस्कृत निबंध प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में चयन हुआ है।

### स्वीप प्लान में आयोजित की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप प्लान के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न ग्रामों तथा नगरों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही मतदान विषय पर मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। इन मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को मताधिकार का महत्व बताते हुए बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

शांति समिति की बैठक हुई, झांकी स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

# आचार संहिता का पालन करते हुए मनाएं सभी धार्मिक त्योहार: एसडीएम



**गैरतगंज, देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू है ऐसे में सभी धार्मिक तीज त्यौहार आचार संहिता का पालन करते हुए मनाए जाएं। किसी भी धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच न बनने दे। सभी त्यौहारों को शांति और सद्भाव के माहौल में मनाया जाए। यह निर्णय शांति समिति की बैठक में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के बीच आपसी सहमति से लिये गए। बैठक में मुख्य रुप से एसडीएम पल्लवी वैध, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, तहसीलदार अम्बर पंथी, थाना प्रभारी महेश टांडेकर, सीएमओ एनके परसानिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी नवरात्रों के त्यौहारों के मद्देनजर हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने आयोजनों को लेकर जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम पल्लवी वैध ने चुनाव आचार संहिता की गाइडलाइन का हवाला देते हुए कहा कि सभी धार्मिक त्योहार आचार संहिता की गाइडलाइन के अनुरूप ही आयोजित होंगे। दुर्गा झांकियों की स्थापना के साथ नौ दिनों में होने वाले विभिन्न आयोजनों की अनुमति लेना आवश्यक है। आचार संहिता में धारा 144 के तहत डीजे एवं बड़ा लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10 बजे के बाद इनके संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध है। रात्रि में झांकियों पर 2 वालिंटियर होना जरूरी है। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार झांकी स्थापना स्थल पर सीसी टीवी कैमरा लगाए जाने के निर्देश, सार्वजनिक स्थान पर झांकी स्थापना की अनुमति, बिजली व्यवस्था की अनुमति जरूरी है। एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि दशहरे पर्व के मंच को किसी भी परिस्थिति में राजनीतिक मंच नहीं बनने देना है। इसके अलावा किसी शासकीय संपत्ति पर धार्मिक झंडा या बैनर लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। चल समारोह में धारदार हथियार रखने, डीजे पर प्रतिबंध, नशाखोरी करके चल समारोह में शामिल न होने सहित अनेक निर्देशो के पालन की अपील अधिकारियों ने नागरिकों से की। इस मौके पर हिउस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, नपाध्यक्ष जिनेश सिंघई, सुनील श्रीवास्तव, हरिकृष्ण गौर, मुकेश शर्मा, मानसिंह भूरा, मदन राजपूत, अशोक मामा, अमित शर्मा, शरीफ चच्चा, मो उमर, एहतेशाम बेग, आसिफ कुरेशी, समा खां, नवल ठाकुर, गगन राजपूत, गुड्डू पठान, काशी राम अहिरवार, महेंद्र तिवारी, मनीष विश्वकर्मा, पंकज शर्मा, मनीष शर्मा, राजू चंदेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## दुर्गा उत्सव, दशहरा एवं चल समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर की चर्चा

**सिरोंज, देशबन्धु।** थाना प्रांगण में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक तहसीलदार संजय चौरसिया की अध्यक्षता, एसडीओपी उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल, नगर निरीक्षक संदीप कुमार पवांर, नपा एचओ धीरज मैना सहित नपाध्यक्ष की मौजूदगी में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार संजय चौरसिया ने आचार संहिता का पालन कर झांकियों में प्रत्याशियों के होर्डिंग्स व पार्टी के झंडे न लगाने का अनुरोध किया और आगामी त्यौहार नवदुर्गा उत्सव, दशहरा एवं चल समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर गणमान्य नागरिकों ने सुझाव दिये जिसमें साफ, सफाई, बिजली एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गणमान्य नागरिकों ने सुझाव दिये गये और बाजार में त्यौहार पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। इस दौरान सुमंत मित्तल, राकेश सक्सेना, पदम ताम्रकार, नगर कॉग्रेस अध्यक्ष ईरषाद गौरी, मुंशीलाल कुशवाह, रोहित यादव, आदि बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।



# खाद लेने तपती धूप में परेशान हो रहे किसान



**सिरोंज, देशबन्धु।** खरीफ फसल की कटाई के बाद क्षेत्र का किसान रबि फसल की तैयारियों में जुट गया है। ऐसे में किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता भी पड़ रही है। मध्यप्रदेश विपणन संघ के वेयरहाउस पर किसानों के लिए खाद तो प्रयाप्त मात्र में उपलब्ध है परंतु खाद वितरण करने या किसानों की सुविधा के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। वेयरहाउस पर खाद लेने किसानों की कतार देखने को मिल रही है। यहां तपती धूप में किसान जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। वेयरहाउस पर न किसानों के बैठने की व्यवस्था है न पानी की। पामाखेड़ी के किसान मेंहदी लाल ने बताया की घंटों लाइन में लगने के बाद खाद मिल पा रहा है। किसानों के लिए कोई सुविधा प्रशासन ने नहीं की है। पाटन निवासी भगवत सिंह बताते हैं कि उन्हें सुबह 9 बजे से लाइन में लगे 3 घंटे बीत गए लेकिन अब तक उनका नंबर नही आया और खाद नहीं मिला। कुछ किसानों ने शिकायत की कि दबंग खाद ले जा रहे है और हम घंटों से लाइन में खड़े है।

▶ विपणन संघ के वेयरहाउस पर किसानों की लग रही लाईन

उधर गोदाम प्रभारी ने कहा कि गोदाम खुली है माल बंट रहा है और सब ठीक चल रहा है। नल लगा है किसानों को पानी पीने के लिए। एक आदमी है तो काउंटर भी एक ही चलेग। इधर किसानों की भीड़ की खबर थाने तक पहुंची तो 2 पुलिस के जवानों ने पहुंचकर किसानों की लाइन लगवाकर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया।

## इंग्लैंड में सम्मानित होने पर मरखेड़कर का सम्मान



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** विश्व पटल पर सर्वश्रेष्ठ बिज़नेस लीडर चयनित होने पर एवं इंग्लैंड की संसद में सम्मानित होने पर जिले के राकेश मरखेड़कर का नागरिकों द्वारा संत श्रीराम मनोहर दास की उपस्थिति में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक लीना जैन, वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं मरखेड़कर को प्रतीक चिन्ह एवं शाल श्रीफल से सम्मानित कर बधाई दी।

## मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन



**गैरतगंज, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूक अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रैली एवं अन्य आयोजनों से मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताया जा रहा है। चुनावों में मतदान का महत्व बहुत अधिक होता है। अधिक से अधिक मतदान में भागीदारी कर मतदाताओं को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। गैरतगंज क्षेत्र में प्रशासन द्वारा भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो में रैली का आयोजन किया गया। तथा मतदाताओं को संकल्प दिलाया गया।

## जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल कमलनाथ से मिला , तीर्थ क्षेत्रों को लेकर सौंपा आवेदन



**सिरोंज, देशबन्धु।** संकल जैन समाज मध्यप्रदेश के संरक्षक हृदय मोहन जैन व संयोजक राकेश जैन गोहिल के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात की। साथ ही जैन समाज के साथ हो रहे भेदभाव एवं तीर्थ क्षेत्रों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर एक आवेदन सौंपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि सर्वोच्च जैन तीर्थ क्षेत्र समेत शिखरजी में केन्द्र सरकार द्वारा रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। उक्त निर्माण को रोका जाए और उक्त स्थान को पवित्र क्षेत्र घोषित किया जाए। इंदौर में गोम्मटगिरी भगवान बाहुबली तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पक्ष में समस्त दस्तावेज है स्वामित्व की भूमि पर बाउंड्री वाल व अन्य कार्यो को पूर्ण कराया जाए और गिरनार एंव अन्य जैन तीर्थ क्षेत्रों पर हो रहे अतिक्रमण व अवांछित गतिविधियों को रोका जाए। जैन तीर्थ क्षेत्रों पर पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं जैसे कि मार्ग,पहुंच मार्ग,बिजली,पानी,सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही साधु साधवियों, मुनि भगवंतों के विहार एंव प्रवास के दौरान समुचित पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्थाई आदेश जारी किया जाए एवं जैन पुरातत्व का संरक्षण,संवर्धन पुरातत्व विभाग द्वारा समाज के परामर्श से किया जाए। खजुराहो के जैन मंदिरों को पुरातत्व विभाग के आधीन लाने के प्रस्ताव को जैन समाज की ओर से प्रेशित आपत्तियों को दृष्टि में रख तत्काल निरस्त किए जाए। जैन श्रमण संस्कृति सरंक्षण आयोग बोर्ड का गठन कर जैन श्रमण संस्कृति के सरंक्षण, संवर्धन व उन्नयन में सहयोग किया जाए। सुरक्षा प्रंबध सुधार कर मंदिरो में हो रही चोरी की घटनाओं को रोका जाए एंव पूर्व में हुई चोरियों की घटनाओं की जांच कराकर कार्यवाही की जाए। मध्य प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग में जैन समाज के प्रतिनिधि की अध्यक्ष, सदस्य के रूप मे नियुक्ति की जाए। शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए उपलब्ध योजनाओं का समुचित लाभ जैन समाज को भी मिले ऐसा सुनिश्चित किया जाए आदि मांगे पत्र में शामिल की गई। इस दौरान रत्नेश जैन छिंदवाड़ा,बसंत जैन,आनंद तारण,जिनेश जैन विदिशा,जिनेश जैन गाड़रवारा,आजाद मोदी,स्वदेश जैन, श्रीमती कल्पना जैन भोपाल आदि उपस्थित रहे।

## एलबीएस महाविद्यालय के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयन




**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा सीहोर में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट कला एवं कौशल का प्रदर्शन कर विजयश्री प्राप्त की। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. वसीम उल्लाह खान ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र अजय यादव ने 57 किलोग्राम भार फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में नर्मदा पुरम, भोपाल एवं राजगढ़ के पहलवानों को कड़े मुकाबले में पराजित करते हुए प्रथम स्थान पर रह कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग फ्रीस्टाइल के 69 किलो भार वर्ग में गुंजन शर्मा ने कड़े मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को पटकनी देते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने हर्ष प्रकट करते हुए चयनित खिलाड़ियों को आगामी 25 से 27 अक्टूबर तक उज्जैन में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# 35 पेटी अवैध शराब से भरी बोलेरो जप्त, 2 गिरफ्तार



**मुरैना/जौरा, देशबन्धु।** शुक्रवार की सुबह मुरैना से जौरा की ओर आ रही देशी शराब की पेटियों से भरी बोलेरो गाड़ी को सायबर सेल की टीम व जौरा पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा पकड़ी गई शराब और गाड़ी की कीमत पौने बारह लाख़ बताई गई है। वही दो आरोपियों को भी गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह सायबर सेल टीम के प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि शराब की पेटियों से भरी एक गाड़ी मुरैना से जौरा की तरफ जा रही है जिसकी सूचना जौरा थाना पुलिस को दी गई तो सुबह करीब 8 बजे सूचना के मुताबिक़ एक मेहरून कलर की बोलेरो गाड़ी आती हुई दिखी जिसे रोकने का प्रयास किया तो चालक गाड़ी को भागने लगा तब सायबर सेल व जौरा पुलिस की सयुक्त टीम ने बोलेरो गाड़ी क्रमांक 06 बीए 0539 को रेलवे फाटक के पास घेरकर पकड़ लिया गया साथ ही दो आरोपी जिनमें गाड़ी चालक धीरेन्द्र पुत्र धर्मवीर सिकरवार (36) नि.खिडौरा व गंधर्व सिंह पुत्र कल्याण सिंह (45) नि.ग्राम स्यारु को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। पुलिस द्वारा शराब की पेटियो से भरी पकड़ी गई गाड़ी में 27 पेटी मसाला व 8 पेटी प्लेन कुल 35 पेटी शामिल हैं पुलिस द्वारा पकड़ी गईं शराब की कीमत पौने दो लाख व जप्त की गई बोलेरो गाड़ी की कीमत 10 लाख होना बताई गई है। मामले को लेकर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जब पुलिस से यह जानकारी चाही गई कि आरोपी शराब कहां से लेकर कहां खपाने ले जा रहें थे। इस पर पुलिस ने कहा कि इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ चल रहीं हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि कहीं शराब चुनाव में बांटने के लिए तो नही ले जाई जा रही थी यह शराब।

प्रकरण में मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर नरेश निरंजन का कहना है कि शराब कहां से आई थी तथा कहां जा रही थी संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# 13 दिन की हड़ताल के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

▶ लोगों की जान पर बन आई, तब हुई सफाईकर्मियों की हड़ताल समाप्त



**मुरैना, देशबन्धु।** नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण पिछले 13 दिनों से शहर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर थे, जिस कारण भीषण गंदगी फैल गई और जिला अस्पताल में डेंगू के मरीज बढ़ते चले गए। स्थिति यह है कि शासकीय जिला अस्पताल एवं प्राइवेट नर्सिंग होम में इन दिनों डेंगू के मरीजों की भरमार है। निगम प्रशासन द्वारा जो मांगे पूर्व में मान ली गई थी, उन्हीं पर अमल करते हुए सफाई कर्मचारी वापस लौट आए हैं, जनता में अब यह सवाल है कि जब पूर्व में ही जो मांगे मान ली गई थी तो तभी हड़ताल क्यों समाप्त नहीं की, अब उन्हीं मांगों पर हड़ताल समाप्त कर दी गई। नगर पालिक निगम मुरैना के चुने हुए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी की लापरवाही के कारण पिछले 13 दिनों से शहर की जनता सफाई न होने से इसका सबसे ज्यादा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा है। पिछले 13 दिनों से शहर के हर इलाके वह प्रमुख मार्गो पर भीषण गंदगी के ढेर मुंह चिढ़ा रहे थे और नालियां जाम होकर सडकों पर गंदा पानी बह रहा था, जिसके चलते भीषण मच्छरों का प्रकोप इस कदर हावी हुआ कि डेंगू के मरीज घर-घर से निकलने लगे तथा जिला अस्पताल सहित प्राइवेट नर्सिंग होम फुल हो गए। पिछले 13 दिनों मे निगम प्रशासन द्वारा ऐसी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे हड़ताल जल्दी समाप्त हो जाती। अब जब इस मामले में कलेक्टर ने हस्तक्षेप किया और आउटसोर्स कर्मचारी से सफाई करने तथा उनके कार्य में बाधा पैदा करने पर एफआईआर दर्ज करने की धमकी के बाद निगम के सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल छोडक़र काम पर वापस आ गए हैं। शुक्रवार की दोपहर सफाई कर्मचारी सडक़ों पर झाड़ू लगाते हुए दिखाई दिए, जिससे जनता ने राहत की सांस ली है।

इस मामले में निगम आयुक्त देवेंद्र चौहान ने बताया कि पूर्व में सफाई कर्मचारी यूनियन की जो मांग थी, वह मान ली गई थी और उन्हीं मांगों के चलते गुरुवार को भी सफाई कर्मचारियों से बातचीत की गई थी। इसके बाद शुक्रवार को उन्होंने हड़ताल समाप्त कर दी है, वहीं एम आई सी द्वारा सफाई कर्मचारियों की मांगों का प्रस्ताव जो शासन को भेजा है, वह आचार संहिता लगने के बाद अब अधर में लटक गया है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### जिला जेल के 90 बंदियों ने किया अपने पितरों का श्राद्ध-तर्पण

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला जेल के नव पदस्थ जेल अधीक्षक योगेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि हिंदू धर्म में श्राद्ध पक्ष की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए जिला जेल बैतूल में 90 बंदियों ने पूर्वजों को तर्पण अर्पित किया। उन्होंने कहा कि संविधान में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार अब बंदी गृह सुधार गृह के रूप में काम कर रहे हैं। बंदियों की सजा अवधि के साथ उनके धर्म एवं कर्म की रक्षा का दायित्व भी जेल प्रशासन का है। शुक्रवार को जिला जेल बैतूल में प्रबंधक द्वारा कैदियों के लिए तर्पण का आयोजन किया गया। श्राद्ध कर्म पंडित सुभाष गिरि गोस्वामी द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता नरेश मांडरेकर, जेल शिक्षक हरी सिंह लोधी, प्रहरी मन्नालाल यादव सहित अन्य डयूटीरत जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### जयस-शिवसेना के प्रवक्ताओं समेत 77 युवा कांग्रेस में शामिल



**बैतूल, देशबन्धु।** जयस-शिवसेना के प्रवक्ताओं समेत लगभग 77 युवाओं ने गुरूवार को विधायक निवास पर पहुंचकर विधायक निलय विनोद डागा के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जाहिर की। विधायक निलय डागा ने सभी युवाओं का कांग्रेस में स्वागत करते हुए उन्हें कांग्रेस का गमच्छा पहनाकर उनके उज्जवल राजनैतिक भविष्य की कामना की।

### निर्वाचन अधिकारियों के कार्य में किया परिवर्तन

**बैतूल, देशबन्धु।** निर्वाचन 2023 के क्रियान्वयन के लिए संबद्ध अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य एवं संबद्धता स्थल में परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमनबीर सिंह बैंस ने आदेश जारी कर वीडियो निगरानी दल से संबद्ध उपयंत्री श्री लोकेश कारपेन्टर जनपद पंचायत बैतूल के स्थान पर उपयंत्री जनपद पंचायत बैतूल श्री योगेश इंगले को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार एक अन्य आदेश में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री शैलेन्द्र बड़ोनिया के स्थान पर वाहन, परिवहन व्यवस्था, जीपीएस सिस्टम एवं पीओएल व्यवस्था, सेक्टर एवं रूट चार्ट तैयार करने एवं सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति का दायित्व जिला परिहन अधिकारी श्री अनुराग शुक्ला को सौंपा गया है। जबकि वीडियोग्राफी एवं मतगणना हेतु प्रवेश पत्र जारी करने का दायित्व श्री बड़ोनिया के स्थान पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल श्री रोहित डाबर देखेगे।

इसी प्रकार कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन श्री विपिन वामनकर, श्री सोमदत्ता वर्मा के स्थान पर ईवीएम, वीवीपेट प्रबंधन का कार्य देखेंगे।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पाटिल, श्री मोहन देहरिया के स्थान पर नाम निर्देशन

तहसील कार्यालय में हुई चुनाव को लेकर बैठक, बताया कैसे भरे नामांकन फार्म

# विधानसभा चुनाव: 16 को स्ट्रांग रूम पहुंच जाएगी ईवीएम मशीनें



**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी विधासनभा चुनाव के लिए 16 अक्टूबर सोमवार को ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम मुलताई पहुंच जाएगी। इधर शक्रवार तहसील कार्यालय में बैतूल से आए अधिकारियों ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह बताया कि कैसे ऑनलाइन और ऑफलाइन चालान भरा जा सकता है। नामांकन किस तरह दाखिल किया जा सकता है। इसी के साथ आनलाइन निक्षेप राशि जमा करने के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो को जिला कोषालय अधिकारी एवं उप कोषालय अधिकारी द्वारा प्रक्रिया से अवगत कराया गया। नितेश उईके जिला कोषाधिकारी एवं संदीप थाटे उप जिला कोषाधिकारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार अनामिका सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी समेत अन्य दलों के लोग भी शामिल हुए। तहसीलदार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रथम रेण्डमाईजेशन निर्वाचन की घोषणा के पश्चात किया जाना था। प्रथम रेण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी ने 16 अक्टूबर को किया जाना तय किया गया है। प्रथम रेण्डमाईजेशन के बाद उसी दिन जिला कार्यालय बैतूल से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रम- 129 मुलताई के लिए ईवीएम-बीयू, सीयू, वीवीपेट मशीनें प्राप्त हो जाएगी। प्राप्त मशीनों को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष उसी दिन मुलताई के निर्धारित स्ट्रांग रूम, केन्द्रीय विद्यालय मुलताई के बाजू में रखवा दिया जाएगा। इसके बाद स्ट्रांग रूम को सीलिंग कर सुरक्षित रखा जाएगा। इस प्रशिक्षण में भाजपा के गणेश साहु, कांग्रेस से किशोर सिंह परिहार, गुलशन सेलकरी, समाजवादी पार्टी से अनिल सोनी और आम आदमी पार्टी से रूपाली खाड़े आदि शामिल हुई।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों की समयावधि पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग

▸ कांग्रेस विधायक डागा ने जिला निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र

**बैतूल, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक निलय डागा ने नवरात्रि पर्व में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगे प्रतिबंध को हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध से आगामी नवरात्र पर्व में पंडालों में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालु हर्ष उल्लास से नहीं मना सकेंगे। विधायक डागा ने बताया आचार संहिता में कोलाहल नियंत्रण कानून के तहत रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउड स्पीकर, डीजे आदि बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं दिन में भी इनका उपयोग करने के लिए प्रशासन से अनुमति लेना होगी। इसका सबसे अधिक प्रभाव आने वाले त्यौहारों पर पड़ेगा। प्रेषित पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि आगामी 15 अक्टूबर 2023 से प्रदेश में बडे हर्षोल्लास के साथ शारदीय नवरात्र का त्यौहार मनाया जाना है। इन 9 दिवसों में जगह-जगह पंडाल स्थापित कर विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाता है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का आचार संहिता उल्लंघन प्रतिबंध नहीं है। किंतु आयोग द्वारा रात्रि 10 बजे से सुबह के 6 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिससे पंडालों में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्रद्धालु उत्साह नहीं मना सकेंगे। सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं की आस्था को दृष्टिगत रखते हुए श्री डागा द्वारा 15 से 23 अक्टूबर 2023 तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों की समयावधि पर प्रतिबंध को हटाने की मांग की गई।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. पंडाग्रे ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**सारनी, देशबन्धु।** आमला-सारनी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से पुन: प्रत्यक्षी घोषित होने के पश्चात राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्यप्रदेश के प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से शुक्रवार को सौजन्य भेंट की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में थर्मल पॉवर प्लांट सारनी में 660 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाली नवीन ईकाई,आमला को अनुविभाग के दर्जे सहित प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, चिकित्सा, भूमिगत जल आवर्धन के लिए बैराज, क्षेत्र में ढाई दर्जन सड़कों की स्वीकृति,औद्योगिक क्षेत्र विकास समेत अधारभूत ढांचागत अधोसंरचना संबधित विकास कार्यों एवं अन्य विधिक एवं प्रशासनिक सौगात के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

जनजातीय बाहुल्य बैतूल जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात प्रदान करने के लिए पंडाग्रे ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आभार पत्र भेट कर क्षेत्र की जनता की ओर से साधुवाद व्यक्त किया एवं कहा कि मेडिकल कॉलेज सम्पूर्ण जिले में स्वास्थ्य संबधित संस्थागत सुविधाओं एवं सेवाओं के दृष्टि कोण से जिले की जनता को मिलेगा। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अरुण जयसिंहपुरे उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर विवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का कारावास

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में करीब 3 साल पहले रात्रि में एक नवविवाहिता के घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश मुलताईं द्वारा 10 साल के कारावास एवं 13 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले अपर लोक अभियोजक राजेश साबले ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि बीते 27 सितम्बर 2020 की रात करीब 11 बजे पीड़िता अपने घर पर थी। उसका पति 3 दिन पहले गाड़ी लेकर भोपाल गया था। इस दौरान आरोपी जयप्रकाश सुर्यवंशी पिता मनोहर सुर्यवंशी 38 वर्ष निवासी पौनी उसके घर उधार लिए 9 हजार रुपए वापस करने आया, पीड़िता ने दरवाजा खोला तो आरोपी ने उसे धक्का देकर घर के अंदर कर दिया और जबरन दुष्कर्म किया और उसका गला दबा कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी के पीछे गेट से भाग गया।

घटना की जानकारी पीड़िता द्वारा परिजनों को देने के बाद थाने में रिपोर्ट लिखाने पर पुलिस द्वारा आरोपी जयप्रकाश सुर्यवंशी के खिलाफ धारा 450, 376,506 भादवि के तहत केस दर्ज कर विवेचना उपरांत न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण की सुनवाई उपरांत न्यायाधीश द्वारा दोनों पक्षो के गवाह एवं अधिवक्ताओं के तर्क सुनने के बाद आरोपी जयप्रकाश सुर्यवंशी को रात्रि में घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने का दोषी पाते हुए धारा 376(1)भादवि के तहत 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 8 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 450 भादवि में 5 साल के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# महिला के साथ मारपीट करने वाले पति-पत्नी सहित 3 को एक-एक साल की सजा

**मुलताई, देशबन्धु।** खेत में लगी फसल काटने को लेकर हुए विवाद में महिला के साथ मारपीट करने वाले पति-पत्नी सहित तीन आरोपियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने दोषी ठहराते हुए एक एक साल के कारावास की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाली वरिष्ठ सहायक लोक अभियोजन अधिकारी मालिनी देशराज ने बताया बीते 4 अप्रैल 2020 फरियादी वंदना पति विनोद निवासी ग्राम बारहवीं ने थाना साई खेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके पिता के साथ उसने रघुनाथ माथनकर का खेत बटाई पर लिया था जिसमे गेहूं की फसल लगाई थी। 4 अप्रैल को मुकुंद राव पिता सरावन माथनकर उसकी पत्नी मालता माथनकर और सरावन पिता नारायण माथनकर उसके बटाई वाले खेत में गेहूं की फसल काट रहे थे । जिन्हें फसल काटने से मना किया तो तीनो ने उसके साथ मारपीट कर हंसिया भी मारा। मारपीट से चोट आई। फरियादी वंदना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मुकुंद राव पिता सरावन माथनकर उसकी पत्नी मालता माथनकर और सरावन पिता नारायण माथनकर निवासी रावा के खिलाफ धारा 323, 324 भादवि सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायाधीश ने प्रकरण की सुनवाई उपरांत तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए धारा 324 के तहत एक-एक वर्ष के कारावास और प्रत्येक को सात सात सौ रुपए के अर्थदंड से और धारा 323 के तहत छह छह माह के कारावास से दंडित किया है।

# बैकुंठधाम आश्रम में हुई बैठक, पुराने मंदिरों के जिर्णोद्धार पर जोर



**सारनी, देशबन्धु।** लोगों को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नए मंदिर के निर्माण करने के बजाय पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार कर उसे जीवित किया जाना चाहिए जिससे धर्म के प्रति जागरुकता आएगी। यह बात पंडित संतोष शर्मा ने बैकुंठ धाम आश्रम में श्रीराम सीता राम नाम बैंक की स्थापना के अवसर पर कही। उन्होंने कहा है कि पश्चिमी सभ्यता युवाओं पर हावी होते जा रही है युवा समाज से कटते जा रहे हैं जिसकी वजह से युवाओं में मानसिक रोग बढ़ रहा है युवाओं की सहनशक्ति काम हो रही है। गौव वध पर प्रतिबंध लगाना और युवाओं को धर्म के प्रति जागरूक करना यह श्री कल्यानेश्वर शिव दरबार समिति के लोगों का मूल उद्देश्य है। बैकुंठ धाम आश्रम के महत संगीतदास ने कहा कि समाज के बुजुर्ग लोगों को एकत्रित करके श्रीराम सीताराम लेखन का कार्य किया जाना चाहिए और इस लेखन को अयोध्या पहुंचाकर श्रीराम के दरबार में रखा जाना चाहिए जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनेगा। इस अवसर पर मनीष सलूजा ने कहा कि सीताराम जाप और मंगलवार शनिवार को हनुमान मंदिर में अखंड सुंदर पाठ का कार्य किया जाना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से बैकुंठ धाम आश्रम के महंत संगीतदास,सुनील साहू,भगवान दास, पंडित संतोष शर्मा,मनीष सलूजा,लल्लन यादव,दिव्यदीप सिंह,निखिल मालवीय,सौरभ कुमार,सागर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगर भ्रमण कराकर स्कूली बच्चों को दी कई जानकारियां



**हरदा, देशबन्धु।** करिकुल्म पाठ्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को इंटरनेशनल यूरो किड्स ज्ञान गंगा स्कूल के नन्हे बच्चे नगर भ्रमण के लिए निकले। यूरो किड्स स्टॉप एवं यूरो किड्स इंचार्ज अर्चना शर्मा के नेतृत्व में स्कूल कैंपस से प्रारंभ होकर खंडवा बाईपास पर अपना बाजार का भ्रमण किया जहां बच्चों को किराना सामान की जानकारी दी गई। इसके बाद नगर पालिका में शहीद गैलरी का एवं अमर शहीद जवान ज्योति का दर्शन किया। शहीदों की मूर्ति देखते ही बच्चे भारत माता के नारे लगाने लगे। वहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में टिफ़िन पार्टी एवं झूले आदि का खूब आनंद लिया। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन , नया बस स्टैंड का भ्रमण कर यातायात के साधनों की जानकारी दी गई। अंत में फल बाजार, सब्जी मंडी में फल एवं सब्जियों के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

# भाजपा की महाविजय में मोर्चों की महत्पूर्ण भूमिका: शुक्ला



▸ जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

**बैतूल, देशबन्धु।** क्षेत्र की जनता जनार्दन का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। जरूरत है इस जीत के अंतर को बढ़ाने की जिसके लिए हर मोर्चे को अब चुनावी मोर्चा संभालना है। भाजपा की महा विजय में मोर्चो की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह बात भाजपा के जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित समस्त मोर्चो की जिला बैठक म कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में गरीब का कल्याण हुआ है। युवाओं के लिए नए आयाम स्थापित हो रहे है। महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। कांग्रेस पूरी तरह से झूठे वादे जनता से कर रही है। शुक्ला ने कहा कि शक्ति केन्द्रों के नियमित प्रवास करते हुए मतदान केन्द्र के पदाधिकारी और हमारे त्रिदेव बुथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री और बीएलए 2 के साथ जो सामन्जस्य बना हुआ है इस सामन्जस्य से ही चुनावी सफलता तय होनी है। बैठक में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे, पिछडावर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू सोलंकी, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सीताराम चढोकर मंचासीन रहे। बैठक का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे ने एवं पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू सोलंकी ने व्यक्त किया। मोर्चो की वृहद जिला बैठक में समस्त मोर्चो के जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष बडी संख्या में मौजूद रहे।

# सतरंगी मेले और प्रदर्शनी में पहुंची कई शहरों की महिला उद्यमी



**बैतूल, देशबन्धु।** महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से महावीर इन्टरनेशनल संकल्प द्वारा आयोजित 2 दिवसीय सतरंगी मेले और प्रदर्शनी का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर परिसर में किया गया। इसमें बैतूल के अलावा रायपुर, नागपुर, छिन्दवाड़ा, सिवनी, परासिया एवं मुलताई आदि शहरों से 40-45 महिला उद्यमियों ने अपने उत्पाद एवं सामग्री का स्टाल लगाया। आगंतुकों ने अपने पसंद की सामग्री की खरीदी कर महिला उद्यमियों का उत्साह वर्धन किया। इस आयोजन को लेकर मीडिया प्रभारी वीरा वंदना पगारिया ने बताया कि इस मेले एवं प्रदर्शनी में साड़ी, सलवार सूट, कोर्ड सूट, बच्चों और युवाओं के कपड़े, इमिटेशन और सिल्वर ज्वेलरी, हस्तशिल्प, घर सजाने की सामग्री, चादर, कंबल, स्वादिष्ट खाने के व्यंजन के स्टाल लगे, जिसमें आकर्षक कलेक्शन उपलब्ध हुआ। साथ ही मनोरंजन खेल के स्टॉल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इसके अलावा इस बार महावीर इंटरनेशनल संकल्प ने हर 2 घंटे में दो फ्री गिफ्ट, भाग्यशाली शॉपर्स को ड्रॉ निकाल कर भी पुरस्कार वितरण किया। इसमें लकी कूपन भी निकाले गए, जिसमें बहुत सारे भाग्यशाली विजेताओं को मिक्सर ग्राइंडर, बाथरुम सैट, डिनर सैट, रेमण्ड के ब्लेंकेट, पानी की केटल, टिफिन आदि उपहार दिए गए। संस्था की अध्यक्ष वीरा पूनम मेहता ने महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले के संबंध में जानकारी दी और बताया कि इस मेले में किसी भी स्टाल में प्लास्टिक की थैली का उपयोग नही किया गया एवं पारिवारिक परिवेश की प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को रचनात्मक दिशा में जोड़ने का प्रयास किया गया।

# युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ने की 20 मंडलम और 85 सेक्टर अध्यक्षों की घोषणा

**आमला, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अजय सोलंकी ने विधानसभा क्षेत्र आमला विधानसभा के 20 मंडलम और करीब 85 सेक्टर पर अध्यक्षों की घोषणा की हैं। जिसमें प्रमुख रूप से आमला नगर अध्यक्ष गणेश वराठे, बोडखी अध्यक्ष विजय सोनू बछले, ससुंद्रा राहुल जैसवाल,लालावाड़ी पवन वागद्रे, रतेड़ा मोटू यादव,जमबाड़ा रविन्द्र सिसोदिया,उमरिया निकेश मालवीय,हथनोरा प्रिंस पटेल कार्यवाहक मोंटू सोनी,मोरखा अभिषेक रघुवंशी, खेड़लीबाजार लोकेश लिखितकर,कार्यवाहक पवन डांगे,बोरदेही प्रदुम साहू, बारंगवाडी सतीश धुर्वे, एवम सारणी यूंका ब्लाक अध्यक्ष रोहित भारती की अनुसंशा पर पाटाखेडा 1 से नायाब खान, पाटाखेड़ा 2 से प्रकाश मालवीय,सारणी 1 से मिलिंद थोराट, शोभापूर 1 से स्वप्निल परमार,शोभापूर 2 से दीपक कापसे, सलैया से सोहन नागवंशी, बाकुड़ से राहुल धुर्वे को मंडलम अध्यक्ष मनोनित किया है और इनके कार्यक्षेत्र में करीब 85 सेक्टर अध्यक्ष भी मनोनित किए हैं। सोलंकी ने बताया की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व बैतूल विधायक निलय डागा के मंशानुरूप बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत कर कांग्रेस का संदेश आखिरी छोर के जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से यूवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां कर विशेष जिम्मेदारियां दी हैं और जल्द ही विधानसभा क्षेत्र में करीब 500 पदाधिकारियों की अगली सूंची जारी की जाएगी।

## सार समाचार

### हॉकी खिलाड़ियों को मतदान के लिए दिलाई गई शपथ



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जनजातीय कार्य विभाग ने राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में विभागीय आश्रम के 11 हॉकी खिलाड़ियों ने सबसे पहले निर्वाचन के नियमों के पालन की शपथ ली। 4 खिलाड़ी आदित्य पंडारे, प्रभात उईके, अरुण उईके, अखिलेश बारस्कर, 67 वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14 वर्षीय बालक वर्ग नीमच में जनजातीय विभाग मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों द्वारा सबसे पहले निर्वाचन हेतु शपथ ली गई। उक्त सभी हॉकी खिलाड़ियों को जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मनोज सिंह ठाकुर, जयसिंह भदौरिया, पवन कुमार ने शपथ दिलाई। चयनित खिलाड़ियों को डॉक्टर अतुल सेठा, रोहित फौजदार, नीरज बहुत्रा, वंदना रघुवंशी, उमा पटेल जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम, ब्लॉक समन्वयक खेल विभाग महेन्द्र पचलानिया, आश्रम संचालक रक्षा श्रीवास्तव ,आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी बी डी कोली आदि ने शुभकामनाएं भी दी गई।

### कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में नारा लेखन तथा पेंटिंग का आयोजन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नारा लेखन तथा पेंटिंग का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यलाय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता एवं नैतिक मतदान को बढावा देने के उद्देश्य से कॉलेज परिसर की दीवारों पर मतदाता जागरूकता थीम पर आधारित पेंटिंग एवं नारों का लेखन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापक, स्टाफ तथा छात्राएँ उपस्थित रहीं7

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजन 16 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी का प्रथम रेण्डमाईजेशन 16 अक्टूबर को प्रातः 11 बजें से जिला कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में किया जाएगा। श्री सिंह ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे रेण्डमाईजेशन के निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित रहे अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजना सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।**कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 14 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से रेवाभाकक्ष में आयोजित होगी। कार्यपालिक दंडाधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए सर्व संबंधितों से अनुरोध किया है कि बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### 3 आदतन अपराधी जिला बदर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला नर्मदापुरम की सीमाओं एवं सीमावर्ती जिलो की सीमाओं से आगामी 1 वर्ष के लिए जिला बदर किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन्हें जिला बदर किया गया है उनमें थाना माखननगर के जानू उर्फ ताहिर आत्मज गफ्फार खान उम्र 30 साल निवासी पिंजारा मोहल्ला माखननगर, जहांगीर आत्मज केएस अलवी उम्र 41 वर्ष निवासी प्रमतला, माखननगर एवं थाना सोहागपुर के अमरीश पुर्विया आत्मज सुरेश पुर्विया उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम अकोला शामिल है।

### पत्रकारों की कार्यशाला संपन्न

# पेड न्यूज स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में बाधा




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में शुक्रवार को देशबन्धु की पहल पर तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार मीडिया प्रतिनिधियों की पेड न्यूज पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी एमसीएमसी फरहीन खान की उपस्थिति में मीडिया कार्यालय का शुभारंभ किया गया। जिसमें नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा पेड न्यूज संबंधी बारीकियों के बारे में विस्तार से मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर श्री दुबे ने बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार पेड न्यूज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी मीडिया में नकद या किसी अन्य कीमत पर प्रतिफल के रूप में प्रदर्शित होने वाली कोई भी खबर या विश्लेषण पेड न्यूज है। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा दी गई पेड न्यूज की परिभाषा को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकार किया और माना कि पेड न्यूज चुनाव में समान अवसर को बिगड़ती है। प्रतिकूल प्रभाव डालती है, चुनाव व्यय कानूनों को उल्लंघन करती है। मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न करती है। पेड न्यूज जनता को गुमराह करती है। लोगों की सही राय बनाने की क्षमता को बाधित करती है। इससे मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव पड़ता है और इसे उनके सूचना के अधिकार के उल्लंघन के रूप में भी देखा जाता है। दरअसल, पेड़ न्यूज को लेकर लगातार बातें हो रही थी, लेकिन इसकी जानकारी कम ही पत्रकारों को थी। इसको लेकर देशबन्धु द्वारा कार्यशाला आयोजित करने के संबंध में जिले के आलाधिकारियों से वार्तालाप किया गया था। जिसके बाद उक्त कार्यशाला का आयोजन किया जा सका। पेड न्यूज सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों के लिए समान अवसर को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। आयोग को चुनावी प्रक्रिया के दौरान जमीनी स्तर पर पेड न्यूज की समस्या का अनुभव हुआ है। राजनीतिक दलों और मीडिया समूहों ने भी संपर्क कर आयोग से पेड न्यूज के खिलाफ कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। अपनी सतर्कता को मजबूत करने के लिए आयोग ने पेड न्यूज और अन्य उल्लंघनों के लिए मीडिया की निगरानी के लिए जिला स्तर और राज्य स्तर पर एक मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति एमसीएमसी की स्थापना की है। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने बताया कि निर्वाचन के संबंध में प्रेस काउंसिल आफ इंडिया ने मीडिया प्रतिनिधि के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार चुनाव एवं अभ्यर्थियों के बारे में वस्तुनिष्ठ रिपोर्ट मीडिया प्रतिनिधियों को प्रचार में शामिल न होना, अतिरंजित रिपोर्टिंग न करना, धर्म, जाति, सम्प्रदाय के आधार पर विभेद पैदा करने वाली रिपोर्टर्स से बचना। किसी अभ्यर्थी के व्यक्तिगत जीवन, चरित्र के बारे मिथ्या बयानों को न छापना। असत्यापित आरोपों को न छापना वित्तीय या अन्य प्रलोभनों को स्वीकार न करना, किसी अभ्यर्थी का आतिथ्य या अन्य सुविधाओं को न स्वीकारना, किसी अभ्यर्थी की उपलब्धियों के प्रचार के लिए सार्वजानिक धन से कीमत चुकाए जाने वाले विज्ञापनों को न छापना तथा भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी के क सभी निर्देशों का पालन करना हैं।

# सरताज का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सरताज सिंह चौहान का गुरुवार सुबह 83 वर्ष में दुखद निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार को भोपाल से नर्मदापुरम लाया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने कहा कि सरताज सिंह बहुत सरल व सहज जननेता थे। वे नर्मदापुरम लोकसभा सीट से 5 बार सांसद के साथ केन्द्रीय मंत्री और दो बार विधायक के साथ कैबिनेट मंत्री रहे। शुक्रवार को जिला कार्यालय पर उनके पार्थिव शरीर को पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित उनके प्रशंसकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरताज सिंह के निवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एवं शोकमय परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। जिला भाजपा कार्यालय नर्मदापुरम पर उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा एवं दुपट्टा ओढ़ाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, संतोष पारिक, योगेन्द्र मण्डलोई, हंस राय, मनोहर बडानी, पीयूष शर्मा, प्रसन्ना हर्णे, मुकेशचंद्र मैना, अनिल बुन्देला राजेश तिवारी, लोकेश तिवारी, प्रशांत दीक्षित, ज्योति चौरे, अर्चना पुरोहित, वंदना दुबे, गजेन्द्र चौहान, राहुल ठाकुर, सागर शिवहरे, रोहित गौर, राहुल सिंह सोलंकी सहित पार्टी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पश्चात गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा इटारसी से अंतिम यात्रा निकाली गई एवं शांति धाम श्मशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनकी तीनों पुत्रियों ने दी।

# नवरात्रि मेला के दौरान मैहर स्टेशन पर गाड़ियों का होगा 5 मिनट का हाल्ट

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर मैहर में आयोजित होने वाले माँ शारदा नवरात्रि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोपाल मण्डल से गुजरने वली 14 जोड़ी गाड़ियों का मैहर स्टेशन पर 15 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक 5 मिनट का हाल्ट प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 11055/11056 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 11059/11060 लोकमान्य तिलक टर्मिनस- छपरा - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 12669/12670 चेन्नई-छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस, 19051/19052 वलसाड-मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस, 11045/11046 कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर एक्सप्रेस, 15268/15267 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 11037/11038 पुणे-गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस, 17610 /17609 पूर्णा-पटना-पूर्णा एक्सप्रेस, 22103/23104 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 18610/18609 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-राँची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 22971/23972 बांद्रा टर्मिनस-पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, 22131/22132 पुणे-बनारस-पुणे एक्सप्रेस, 15647/15648 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 19045/19046 सूरत-छपरा-सूरत एक्सप्रेस गाड़ियां दिनांक 15 अक्टूबर 2023 से 28 अक्टूबर 2023 तक मैहर स्टेशन पर 5 मिनट का हाल्ट लेकर गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेंगी।

### मिशन नार्को : प्लेटफार्म 6 से 4 किलो गांजा के साथ युवक को पकड़ा

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल सुरक्षा बल के जवानों ने मिशन नार्को के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक छह के छोर से बिहार निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 4 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त हुआ है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त,रेल सुरक्षा बल भोपाल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त विशेष व सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर प्रधान आरक्षक एसके गुप्ता, आरक्षक डेविड दीन व राकेश मीना तथा जीआरपी इटारसी के दो स्टॉफ द्वारा संयुक्त चेकिंग के दौरान इटारसी रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 6 के छोर से आरोपी सुनील कुमार, पिता नागेन्द्र सिंह, उम्र 22 साल, निवासी ग्राम भालूबुढ़न, पोस्ट बढ़ौना पुलिस थाना व खंड चैनपुर, जिला कैमूर बिहार को तलाश कर अवैध मादक पदार्थ गांजा 04 किलो के साथ पकड़ा। आरोपी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाई के अंतर्गत जीआरपी इटारसी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाने की कार्यवाई की गई। पकड़े गए गांजा की कीमत रुपये 60 हजार रुपए बतायी गयी है।

# स्वच्छता ही सेवा की चुनौतियां पर भाषण प्रतियोगिता हुई

**इटारसी, देशबन्धु।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड इटारसी उपकेंद्र द्वारा स्वच्छता ही सेवा के भाव को विद्यालय के बच्चों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 इटारसी में स्वच्छता ही सेवा की चुनौतियां एवं परिणाम विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सुचिश्मिता, प्राची व प्रसून मिश्रा सफल हुए। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक केवि से श्रीमती पालीवाल एवं पावरग्रिड से विपिन कुमार (अभियंता) रहे।

संचालन श्रीकान्त सेन पावरग्रिड ने किया। कार्यक्रम में केवि से उप प्राचार्य श्रीमती मनीषा त्रिपाठी, सुभाष चंद्र व छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे।



विदित हो कि पावरग्रिड भारत सरकार की महारत्न कंपनी में से एक है जो समय समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियां एवं जनजागरूकता के कार्यों को करती रहती है।

# 2 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**इटारसी, देशबन्धु।** अग्रकुल प्रवर्तक महाराज अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यक्रम के सातवे दिन दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचित्र- वेशभूषा अग्रवाल भवन में आयोजित हुई। समाज के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। शंकर जी, नटराज नृत्य, राधा-कृष्ण युगल नृत्य, एकल बालक नृत्य सहित 30 से ज्यादा प्रस्तुतियां हुईं जिसमें निर्णायकों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित प्रोत्साहन श्रेणी में बच्चों को अंक दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन जी की पूजन-आरती के साथ शुरू हुआ जिसमें तरुण अग्रवाल मंडल के अध्यक्ष गुलाब चंद अग्रवाल, सचिव राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, युवक दल अध्यक्ष अमन राजेंद्र अग्रवाल, बहुरानी मंडल अध्यक्ष श्रुति राकेश अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना संतोष अग्रवाल सहित अग्रवाल महासभा एवं अग्रवाल समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रलभ अनिल अग्रवाल, सह संयोजक दीपक हरिनारायण अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राजेश आरबी अग्रवाल, अंशु अश्विन अग्रवाल, रश्मि पंकज अग्रवाल, सुनीता राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को सुचारू रूप प्रदान किया।

### खरीफ सीजन के लिए नीलामी दल तय, 16 से प्रारंभ होगी नीलामी

**इटारसी, देशबन्धु।** वर्तमान खरीफ सीजन वर्ष 2023-24 मंडी प्रांगण में कृषि उपज की अत्यधिक मात्रा में आवक होने के कारण नीलामी कार्य की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 16 अक्टूबर, सोमवार से नीलामी दल का गठन एवं समय का निर्धारण मंडी प्रशासन इटारसी द्वारा किया गया है। मंडी प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से जिंस मूंग की नीलामी सुबह 10 से 11:25 बजे, धान 11:30 से दोपहर 1 बजे तक नीलामी दल क्रमांक एक करायेगा। नीलामी दल क्रमांक 2 सुबह 10:10 बजे से 11:25 बजे तक मक्का और 11:30 से 1 बजे तक सोयाबीन की नीलामी करायेगा। इसी तरह से नीलामी दल क्रमांक 3 सुबह 10:10 से 11:25 बजे तक गेहूं, 11:30 से 1 बजे तक चना, तुअर, सरसों, उड़द व अन्य जिंसों की नीलामी करायेगा। द्वितीय नीलामी दोपहर बाद 3 बजे से होगी।

# नर्मदापुरम की टीम को सॉफ्टबॉल, तीरंदाजी दोनों में स्वर्ण पदक

**इटारसी, देशबन्धु।** 67 वी राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगित एसएनजी स्कूल ग्राउंड एवं एनएम कॉलेज ग्राउंड में खेली जा रही थी। आज उसके अंतिम परिणाम नर्मदा पुरम को खुशियों से भर देने वाले मिले।

एनएमवी ग्राउंड पर चल रही सॉफ्टबाल की प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक बालिका ने स्वर्ण पदक जीता एवं 17 वर्ष बालक बालिकाओं ने भी स्वर्ण पदक जीतकर चार स्वर्ण पर अपना कब्जा जमाया। वहीं एसएनजी स्कूल स्टेडियम में चल रही तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंजलि ने 70 मीटर रिकॉर्ड में स्वर्ण पदक, 70 मी रिकॉर्ड में स्वर्ण पदक एवं ऑल ओवर में स्वर्ण पदक जीतकर नर्मदापुरम का नाम रोशन किया।



आज मैडल सेरेमनी में श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम संभाग, सुश्री वंदना रघुवंशी जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग, सुश्री उमा पटेल जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवक कल्याण विभाग नर्मदा पुरम एवं शिक्षा विभाग के प्राचार्य सहित लोक शिक्षण संचनालय द्वारा नियुक्त स्टेट ऑफिशियल अशोक कुमार यादव, सूरजनंद, गुंजन शर्मा, इंदू धनगर, लोकेंद्र सिंह तोमर, पवन, जयंती, अश्वनी मालवीय उपस्थित रहे।

### अभा सिविल सर्विसेज कबड्डी प्रतियोगिता दिल्ली में मप्र से खेलेंगे बशारत खान

**7इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कबड्डी प्रतियोगिता नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित हो रही है। मध्य प्रदेश की कबड्डी टीम में बशारत खान का चयन हुआ है। श्री खान के चयन होने पर जल संसाधन विभाग प्रमुख अभियंता शिरीष कुशवाहा, अधीक्षण यंत्री राजाराम मीणा, कार्यपालन यंत्री वीके जैन, अनुविभागीय अधिकारी एनके सूर्यवंशी, कबड्डी संगठन के सचिव सरदार सिंह राजपूत, छत्रपाल सिंह राजपूत, कैलाश सिंह राजपूत सहित जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मांडलिक, संयोजक दिनेश श्रीवास्तव, संरक्षक प्रवीण शर्मा, संस्थापक सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव, मोइनुद्दीन कुरैशी, महेंद्र ओगले, केआर भूमरकर सहित तवा नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी देवेंद्र शर्मा, वफात खान, उमेश शर्मा, दातार सिंह चौहान, टीआई अशोक यादव, तेजभान सिंह चौहान, प्रेम शंकर, शैलेंद्र सिंह सोलंकी के अलावा सभी ईस्ट मित्रों शुभचिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि बशारत खान बचपन से ही एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं, साथ ही जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ अनेक खेल संगठनों में सक्रिय रहकर खेल गतिविधियों का संचालन करते रहते हैं।



### इस माह 15 दिनों के अंतर में सूर्य एवं चंद्रग्रहण

# भारत में आज जब होगी अंधेरी रात तो सेंट्रल अमेरिका में दिख रहा होगा सूर्यग्रहण

**इटारसी, देशबन्धु।** कल 14 अक्टूबर को शाम भारत में जब सूर्य अस्त होता दिखेगा तब वह कुछ देर बाद पश्चिमी देशों मेक्सिको, सेंट्रल अमेरिका, कोलिम्बिया ,ब्राजील आदि में वलयाकार सूर्यग्रहण के रूप में दिखेगा। ग्रहण पथ दक्षिणी कनाडा के तट से प्रशांत महासागर में शुरू होगा। पश्चिमी देशों में होने वाला यह सूर्यग्रहण एन्यूलर या वलयाकार सूर्यग्रहण होगा।




ग्रहण की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारतीय समय के अनुसार रात्रि 8 बजकर 33 मिनट 50 सैकंड पर ग्रहण की घटना आरंभ होगी। रात 11 बजकर 29 मिनट 32 सेकंड पर यह अधिकतम ग्रहण की स्थिति में होगा। इसके बाद रात्रि 2 बजकर 25 मिनट 16 सेकंड पर यह समाप्त हो जायेगा। ग्रहण के समय रात्रि होने से यह घटना भारत में नहीं दिखेगी। अक्टूबर के महीने में 15 दिन के अंतर से सूर्यग्रहण तथा चंद्रग्रहण होने जा रहे हैं जिनमें से चंद्रग्रहण भारत में दिखेगा।

सारिका ने बताया कि एक गणितीय अनुमान के अनुसार पश्चिमी देशों में होने जा रही इस खगोलीय घटना का कुछ न कुछ भाग विश्व की लगभग 13 प्रतिशत से अधिक आबादी देख सकेगी वहीं वलयाकार ग्रहण की स्थिति को केवल 0.41 प्रतिशत आबादी ही देख सकेगी। सारिका ने बताया कि एन्यूलर या वलयाकार सूर्यग्रहण तब होता है जब चंद्रमा ,सूर्य को पूरी तरह नहीं ढ़क पाता है क्योंकि वह पृथ्वी से दूर होता है। इस स्थिति में चंद्रमा के चारों ओर प्रकाश का एक घेरा बन जाता है। वलयाकार ग्रहण के दौरान कोरोना नहीं दिखाई देता है। अगला सूर्यग्रहण 8 अप्रैल पूर्ण सूर्यग्रहण और 2 अक्टूबर को वलयाकार सूर्यग्रहण होगा लेकिन ये भी भारत में दिखाई नहीं देंगे।

### भारतीय समायानुसार सूर्यग्रहण

आंशिक सूर्यग्रहण आरंभ रात्रि 08:33:50 पीएम
वलयाकार सूर्यग्रहण आरंभ रात्रि 09:40:11 पीएम
अधिकतम सूर्यग्रहण रात्रि 11:29:32 पीएम
वलयाकार सूर्यग्रहण समाप्ति रात्रि 01:19:01 एएम
आंशिक सूर्यग्रहण समाप्ति रात्रि 02:25:16 एएम

ग्रहण के बारे में कुछ खास
एक साल में अधिकतम 5 सूर्यग्रहण और 2 चंद्रग्रहण हो सकते हैं।
एक साल में न्यूनतम 2 सूर्यग्रहण तो होंगे ही।

### सामान्य रूप से साल में 4 ग्रहण होते हैं

गणितीय अनुमान के अनुसार सन 3000 तक से विगत 5 हजार सालों में 11898 सूर्यग्रहण की गणना की गई है जिसमें लगभग 35 प्रतिशत आंशिक ग्रहण 33 प्रतिशत वलयाकार ग्रहण 27 प्रतिशत पूर्णसूर्यग्रहण तथा 5 प्रतिशत हाईब्रिड सूर्यग्रहण हैं।

विधानसभा चुनावों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक

# मप्र के कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों पर हुआ मंथन

## 15 अक्टूबर को आएगी कांग्रेस की पहली सूची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नाम तय करने को लेकर शुक्रवार को यहां पार्टी आलाकमान के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक हुई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी।

दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बताया कि हमने लगभग 60 सीटों पर चर्चा कर ली है। हमारी बैठक फिर से होगी। अभी मध्य प्रदेश की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक है। इसमें चर्चा के बाद फिर से बैठक होगी। तभी सीटों के नाम फाइनल करेंगे। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में लगातार दो दिन तक बैठकें होने वाली हैं। इन बैठकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। कई नामों पर गहन मंथन हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। कमलनाथ के नेतृत्व पर हमें आत्मविश्वास है। भाजपा बौखलाई घूम रही है। वहां सिर फुटव्वल हो रहा है। हमारे यहां टिकट जल्द ही फाइनल हो जाएंगे। कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हम श्राद्ध पक्ष के बाद 15 अक्टूबर को अपनी पहली सूची घोषित करेंगे। हमारी रफ्तार ठीक है। इस रफ्तार से हम 15 अक्टूबर को अपनी सूची की घोषणा कर देंगे। हर नाम पर जितनी चर्चा हो, उतना अच्छा है। चर्चा में कई नई चीजें उभरकर सामने आती हैं। कांग्रेस अपने सभी प्रत्याशियों के नाम दो सूची में जारी करेगी।

## पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत



सुरजेवाला ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष समन्वय बनाकर चल रहे हैं। इससे लगता है कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में अप्रत्याशित जीत की तरफ कदम बढ़ा रही है। दो उदाहरण आपके सामने है। एक भाजपा की सिर फुटव्वल और भाजपा की घबराहट व छटपटाहट का है। दूसरा कांग्रेस के आत्मविश्वास का है। यह आत्मविश्वास मध्य प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के आशीर्वाद का है। यह आशीर्वाद प्रदेश की जनता का जन-आक्रोश है, जो भाजपा पर फूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासियों का बजट खा गई। यह ऑडिट रिपोर्ट कह रही है। हमें यह विश्वास है कि पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत हो जाएगी।

## सरकार बनने पर मप्र में मिलेगा सबको न्याय



कांग्रेस अध्यक्ष मिल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा के शासन से त्रस्त हो चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी तथा प्रदेश के सभी वर्गों के साथ न्याय होगा। खड़गे ने कहा कि मध्य प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्गों को कुछ ही दिनों में न्याय मिलने वाला है। पिछले 18 वर्ष के भाजपाई अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचारी कुशासन पर पूर्ण विराम लगेगा। इस बार जनता मध्य प्रदेश में पिछले दरवाजे से अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार नहीं बनने देगी। इस बार दग़ाबाज़ों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में उनकी पार्टी बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत की ओर अग्रसर है। आज मध्य प्रदेश के विषय में केंद्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

### झूठे वादे से जनता थक गई है

कांग्रेस की पढ़ो-पढ़ाओ योजना पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। इस पर कमलनाथ ने कहा कि उनके झूठे वादे, 20 हजार झूठी घोषणाएं आज मध्य प्रदेश की जनता समझ गई है। इस वजह से वह बौखला गए हैं। मध्य प्रदेश की जनता झूठे वादे और घोषणाओं से थक गई है। अब कुछ ही दिन बचे है। जनता राहत का इंतजार कर रही है। कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची में वर्तमान विधायकों के साथ ही 66 हारी सीटों के नाम शामिल किए जा सकते हैं। इससे पहले केंद्रीय चुनाव समिति की सात अक्टूबर को हुई बैठक में 140 नामों पर चर्चा की गई थी। कई नेता श्राद्ध पक्ष में सूची जारी करने के पक्ष में नहीं थे। इस वजह से पार्टी की सूची जारी नहीं हो सकी है।

नागदा-खाचरौद से टिकट कटने से नाराज थे दिलीप सिंह शेखावत

# उमा के पूर्व सलाहकार को मनाने घर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय

• **कैलाश सनोलिया**



**नागदा, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को टिकट कटने से नाराज उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल में सलाहकार रहे पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत के नागदा जिला उज्जैन स्थित निवास पर पहुंचे, 3 बार इस क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके शेखावत का इस बार टिकट काटकर संगठन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान को मैदान में उतारा है।

शेखावत 3 में से एक बार 2013 चुनाव जीते थे। संगठन के निर्णय के खिलाफ नगर पालिका परिषद के 16 पार्षदों तथा खाचरौद के कुछ पार्षदों ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। और भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं त्यागपत्र देकर पार्टी के निर्णय को बदलने के लिए अड़े हुए थे। इस निर्णय के खिलाफ हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाकर श्री शेखावत ने शक्ति प्रदर्शन कर पार्टी के समक्ष संकट खड़ा कर रखा था। टिकट की घोषणा के बाद वे भाजपा उम्मीदवार डॉ. चौहान के चुनाव प्रचार से भी दूर थे। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं के बीच सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप भी चले। श्री शेखावत ने घोषणा कर रखी थी कि बीफार्म मिलने तक टिकट बदलने की लड़ाई जारी रखेंगे। यह विवाद लगभग 2 सप्ताह से जारी था। इस विवाद के चलते जब श्री विजयवर्गीय नागदा पहुंचे तब डॉ. तेजबहादुर के पक्ष में कार्यकर्ता सम्मेलन तय हुआ था । जो कि रांगोली गार्डन में प्रस्तावित था। इधर, श्री शेखावत के समर्थकों ने भी उनके निवास परिसर में भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय नेता सबसे पहले मनोहर वाटिका स्थित श्री शेखावत के घर पहुंचे। यहां पर उन्होंने बंद कमरे में श्री शेखावत से चर्चा की। इस चर्चा में सांसद अनिल फिरोजिया, और भाजपा उज्जैन जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला भी शामिल हुए। बाद श्री विजयवर्गीय ने निवास परिसर में ही नाराज कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पार्टी के हित में कार्य करने का आव्हान किया।

### डॉ. तेजबहादुर के पक्ष में कार्य करने का किया आव्हान

बाद में श्री विजयवर्गीय भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। यहां पर बाद श्री शेखावत भी पहुंचे और मंच से डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान के पक्ष में कार्य करने का आव्हान कार्यकर्ताओं से किया। श्री विजयवर्गीय के आग्रह पर डॉ. चौहान और श्री शेखावत ने एक दूसरे के गले में माला डालकर स्वागत किया। गौरतलब है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उमा भारती के कार्यकाल में मुख्यमंत्री निवास में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उमा के कार्यकाल में राज्यमंत्री का दर्जा देकर मप्र उर्जा विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया। उमा के पद से उतरने के बाद भी शिवराज सरकार में पुन: उर्जा विकास निगम के पद से नवाजा गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोले किसी समय जब श्री शेखावत मुख्यमंत्री निवास में थे तब मुख्यमंत्री से मिलने के लिए मुझे इनसे ही बात करना पड़ती थी। इस क्षेत्र से श्री शेखावत को 3 बार टिकट भी मिला। पहली बार 2008 में वे कांग्रेस उम्मीदवार दिलीप सिंह गुर्जर से 9 हजार 8 सौ मतों से चुनाव हार गए। वर्ष 2013 में श्री गुर्जर को 16115 मतों से पराजित करने में सफल हुए। जबकि 2018 में भी श्री गुर्जर से 5117मतों से चुनाव हार गए। इस बार पार्टी ने इनका टिकट काट दिया।

गोविंदपुरा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो, चुनावी सभा में बोले शिवराज

# हर घर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर हम हर घर को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य है एक परिवार से एक व्यक्ति रोजगार से जुड़ जाए। चाहे फिर वह सरकारी नौकरी हो या अन्य स्वरोजगार की योजनाएं। हमारा लक्ष्य हर परिवार को रोजगार से जोड़ने का है। यह बात श्री चौहान ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।

इसके पहले श्री चौहान ने विधायक श्रीमती गौर के समर्थन में रोड शो किया। मुख्यमंत्री ने पहला रोड शो भानपुर स्थित शिवनगर से प्रारंभ किया, वहीं दूसरा रोड शो बागसेवनिया में किया। दोनों रोड शो के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हर वर्ग को लाभान्वित करने का काम किया है। आज प्रदेश में हर तरफ विकास की गंगा बह रही है, इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए भाजपा को भारी बहुमत से जिताएं। गोविंदपुरा विधानसभा से बहन श्रीमती कृष्णा गौर को जिताकर भाजपा को आशीर्वाद दें। मैं विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने बहनों को विश्वास दिलाया कि आपके मान, सम्मान में आपका भाई और भाजपा की सरकार कोई कमी नहीं आने देगी, बहनों का मान-सम्मान ही हमारा स्वाभिमान है।

## लाड़ली बहना और आवास योजना में जोड़े जाएंगे शेष नाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जिन-जिन बहनों के नाम रह गए हैं, चुनाव के बाद पोर्टल खोलकर उनके नाम जोड़े जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के शेष बचे नामों को जोड़ा जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर भी 450 रुपए में दिए जा रहें हैं, ताकि बहनों को धुएं से परेशानी न हो।

## कमलनाथ पैसा न होने का रोना रोते रहते थे

उन्होंने कहा कि मैं कमलनाथ नहीं हूं जो प्रदेश के विकास में और गरीब हितैषी योजनाओं को चलाने के नाम पर पैसे न होने का रोना रोते रहते थे। उन्होंने कहा कि ये भाजपा सरकार है। हर संकट में गाँव, गरीब, किसान के साथ खड़ी रही है। मैं कमलनाथ जैसा नहीं हूँ जो पैसा न होने का रोना रोता रहूँ। भाजपा सरकार में जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

हमास और पीएफआई मुद्दे पर गृहमंत्री ने कांग्रेस नेता को आड़े हाथों लिया, कहा-

# दिग्विजय कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** हमास और पीएफआई के मुद्दे को लेकर भाजपा ने कांग्रेस और दिग्विजय सिंह को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पीएफआई को लेकर दिग्विजय सिंह के बयान पर कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में हो उसे दिग्विजय सिंह कैसे क्लीन चिट दे सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्किार्जुन खरगे के साथ ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से पूछा है कि क्या वे दिग्विजय सिंह के बयान से संतुष्ट हैं।

उन्होंने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कमलनाथ अब तक क्यों शांत हैं, समझ नहीं आता। उन्हें साफ करना चाहिए कि क्या वो दिग्विजय के बयान से इत्तेफाक रखते हैं कि नहीं। श्री मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह कांग्रेस का बंटाधार करके ही मानेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि ये केवल तुष्टीकरण करते हैं, मुस्लिमों को डर दिखाकर इकट्ठा करो और हिंदू को जातियों में बांटो की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवा को आतंकवाद से जोड़ने, राम मंदिर की तिथि पर सवाल उठाने और महाकाल लोक पर सवाल उठाने वाले दिग्विजय सिंह है। इन्हें किसी दूसरे धर्म पर सवाल उठाते हुए देखा है क्या? श्री मिश्रा ने कहा कि जातीय जनगणना भी दिग्विजय सिंह जैसों की ही सोच की उपज है जो हिंदू को बांटकर राज करना चाहते हैं।

## विधायक त्रिपाठी ने भाजपा छोड़ी, विस की सदस्यता से भी दिया इस्तीफा



**भोपाल, देशबन्धु।** मैहर से भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने विधानसभा की सदस्यता और भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। वह लम्बे समय से भाजपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे, उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं।

श्री त्रिपाठी स्थानीय मुद्दों के साथ ही विंध्य प्रदेश के गठन की मांग को लेकर सक्रिय थे। इसको लेकर उनके और भाजपा के रिश्तों में खटास आ गई थी। जिसके चलते वह बीते 2-3 साल से लगातार पार्टी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इस बार भाजपा ने विधायक श्री त्रिपाठी के स्थान पर मैहर विधानसभा से ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक श्रीकांत चतुर्वेदी को टिकट दिया है। श्री त्रिपाठी सबसे पहले समाजवादी पार्टी विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके बाद दूसरी बार वह कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचे और तीसरी बार 2015 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करवाई, वहीं 2018 का विधानसभा चुनाव भी उन्होंने भाजपा के टिकट पर जीता।

### जिला पंचायत सदस्य ने भी दिया इस्तीफा

वहीं सागर के नरयावली विधानसभा से भाजपा से टिकट के दावेदार पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद तोमर ने भी भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे का कारण पार्टी में अपनी उपेक्षा को बताया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अरविंद तोमर नरयावली विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं।

## किरेन रिजिजू मिजोरम के भाजपा चुनाव प्रभारी नियुक्त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को मिजोरम के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। शुक्रवार को पार्टी ने एक बयान में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन मिजोरम चुनाव के लिए पार्टी के सह-प्रभारी के रूप में काम करेंगे। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाए आरोप

# 3 लाख से अधिक वनाधिकार पट्टे निरस्त किए



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने भाजपा सरकार को आदिवासी विरोधी बताते हुए आज फिर कई मुद्दों पर घेरा। पार्टी ने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार ने 3 लाख 22 हजार से अधिक वनवासियों के पट्टे निरस्त किए हैं, उससे स्पष्ट है कि ये सरकार वनवासियों की हितैषी नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी उपेक्षा के चलते आदिवासी दर-दर भटकने पर मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने स्वाभिमान के लिए जल, जगंल, जमीन की लड़ाई लड़ रहा है। इस लड़ाई में कांग्रेस आदिवासी समाज के साथ दृढ़ता के साथ खड़ी है। कांग्रेस प्रवक्ता राजपूत ने कहा कि आदिवासी समाज पर अत्याचार की लम्बी सूची हैं, इस सिलसिले में उन्होंने विदिशा, अनूपपुर, महू सहित कई घटनाओं का जिक्र किया।

### भ्रष्टाचारियों को सरकारी संरक्षण

कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज आदिम जाति कल्याण विभाग का भ्रष्टाचार सामने आया, जिसमें 10 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है, जिसमें 7 साल से सह-आयुक्त रहे 8 अफसरों पर न्यायालय ने भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने का आदेश जारी किया है, जिसमें न्यायालय ने कहा कि नियम विरूद्ध उन्होंने खाते से ही आहरण जारी रखा। क्या सरकार का भ्रष्टाचारियों को सरक्षण प्राप्त है। अधिकारी खुलेआम नियम विरूद्ध खाता खोलते थे और उससे राशि स्वयं ही राशि निकालते थे। उन्होंने पूछा कि ये पैसा किसको जाता था।

भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर

# वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 111वें स्थान पर फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है।

आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमश: कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें, बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे।

## सरकार ने रिपोर्ट को बताया त्रुटिपूर्ण व गलत

### क्या होता है वैश्विक भूख सूचकांक

ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है। इस लिस्ट को हर साल कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वर्ल्ड हंगर हेल्प नामक यूरोपीयन एनजीओ तैयार करते हैं। दुनियाभर के अलग-अलग देशों में 4 पैमानों का आंकलन करने के बाद इंडेक्स को तैयार किया जाता है।

मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमज़ोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है। भारत में अल्प पोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है।

वैश्विक भूख सूचकांक 2022 की रिपोर्ट को लेकर भारत सरकार ने कहा था कि गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हॉलमार्क लगता है। भारत को ऐसे देश के रूप में दिखाया जा रहा है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यह इंडेक्स भुखमरी को गलत तरीके से मापता है। इसमें जो मेथड इस्तेमाल किया जाता है वह भी गंभीर रूप से गलत है।

## बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार किए नष्ट

**गंगटोक, एजेंसी।** सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। दो दिन में करीब 36 मोर्टार नष्ट किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया गया।

## देश की समुद्री सीमाएं होंगी और अभेद्य : पाल

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल ने कहा कि देश की समुद्री सीमाएं और अभेद्य होंगी। इसके लिए तटरक्षक बल कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। 2025 तक बल के बेड़े में करीब 100 विमान और 200 गश्ती जहाजों को जोड़ा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने देश में 28 नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र बनाने की भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हम भविष्य की चुनौतियों को लेकर अत्यधिक सजग हैं और अत्याधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल को बढ़ा रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**फिलिस्तीनियों को गाजा शहर....** ने यह जानकारी दी। एनएनए ने यह भी बताया कि इज़राइल ने ब्लू लाइन से सटे लेबनान के गांवों पर रात भर बम दागे। इजरायली सेना के टोही विमानों ने ब्लू लाइन से सटे गांवों के ऊपर से उड़ान भरी। एजेंसी ने कहा कि ब्लू लाइन के पास के अधिकांश निवासी सुरक्षित क्षेत्रों में विस्थापित हो गए हैं। शिक्षा मंत्री ने सारे सरकारी और निजी स्कूल बंद करने के आदेश दिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन 2000 में स्थापित ब्लू लाइन 120 किलोमीटर तक फैली हुई है और दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना की वापसी को सत्यापित करने के लिए कार्य करती है।

बीजिंग में इजरायली दूतावास के एक कर्मचारी पर शुक्रवार को हमला किया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजिंग दूतावास के एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने बिना विवरण दिए आईएएनएस को बताया कि दूतावास के कर्मचारी पर बीजिंग में दोपहर (चीन समयानुसार) हमला किया गया, जो इजरायली दूतावास परिसर से 'ज्यादा दूर नहीं' है और वह अस्पताल में है। बीजिंग में इजरायली दूतावास राजनयिक मिशनों की उपस्थिति के बीच शहर के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में भारतीय दूतावास के करीब स्थित है।

**उत्तर कोरिया ने हमास को...** झूठी अफवाह फैला रहे हैं कि 'उत्तर कोरिया के हथियारों' का इस्तेमाल इजराइल पर हमले के लिए किया गया। यह खंडन वाशिंगटन स्थित मीडिया आउटलेट रेडियो फ्री एशिया के इस दावे के बाद किया गया कि हमास ने उत्तर कोरियाई हथियारों का उपयोग किया है। इस रिपोर्ट में लड़ाकूओं में से एक के पास उत्तर कोरिया में निर्मित एफ -7 रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड लांचर जैसा दिखने वाला एक वीडियो दिखाया गया था।

**आतंकवाद को लेकर बरतनी होगी....** कहा कि अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं जी-20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी। सम्मेलन का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' में किया गया है। 13-14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जी-20 समिट में चार सेशन हैं।

इस समिट के दौरान भारत अपने लोकतांत्रिक इतिहास को दुनिया के सामने रखने वाला है। इसके जरिए दुनिया को समानता, भाईचारा और एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की जाएगी। इस समिट के सभी कार्यक्रम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के नेतृत्व में होंगे।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।